दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 16 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष द्वितीय, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 207 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक कर्नल सहित चार सपूतों की शहादत से पूरे भारत में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश फूट पड़ा है। सारा देश चाह रहा है कि अब पाकिस्तान को इसका माकूल जवाब दिया जाए। इसके साथ ही इस शहादत पर भी सियासत करने और अभी भी पाकिस्तान से बातचीत की वकालत करने वाले फारूख अब्दुल्ला जैसे लोगों का भी हिसाब किया जाए। आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ और बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक तो जरूरी है। इसके साथ ही हमारी आस्तिनों में पल रहे जहरीले सांपों का फन भी कुचला जाना बहुत आवश्यक है।

सर्वे : छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की वापसी, एमपी में फिर शिव 'राज'!

नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में फिर एक बार कांग्रेस की सत्ता में वापसी हो सकती है। भूपेश बघेल के नेतृत्व को आगामी चुनाव में पार्टी को 90 में से 62 सीटें मिल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो लगातार दूसरी बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी। एक ओपनियन पोल में ऐसा दावा किया गया है। इस साल के अंत तक राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांचों राज्यों में छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश हिंदी भाषाई राज्य है और आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टि कोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। फिलहाल छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है जबकि मध्य प्रदेश में बीजेपी की सत्ता है। इन राज्यों में अगले दो महीनों में होने वाले चुनाव को लेकर जमकर रैलियां निकाली जा रही है। इस बीच किए गए एक सर्वे में बताया गया कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी तो वहीं एमपी में फिर शिव 'राज' सरकार आएगी।

बता दें कि ये सर्वे आईएनएस एजेंसी पोलस्टार ने किया है, जिसे 1 सितंबर से 13 सितंबर के बीच किया गया है। सर्वे के आंकड़ो की मानें तो साल के अंत में होने वाले इन तीनों राज्यों के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन होता नहीं दिख रहा है। हालांकि, राज्यों में पार्टियों के सीट में उतार चढ़ाव होने की पूरी संभावना सामने आई है। इन तीनों राज्यों में से राजस्थान में विधानसभा के कुल 200 सीटें है, छत्तीसगढ़ में 90 सीटें और मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें है।



छग में बीजेपी की सीटें बढ़ेंगी : छत्तीसगढ़ में 2018 के विधानसभा चुनाव में 15 सालों के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ था। इतने सालों तक विपक्ष में बैठने के बाद कांग्रेस को प्रचंड जीत मिली थी। कांग्रेस को उस चुनाव में कुल 90 विधानसभा सीटों में से 68 सीटें मिली थी। जबकि बीजेपी 49 सीटों से 15 सीटों पर आ गिरी थी और यहां भी बीएसपी की गठबंधन को 5 सीटों पर जीत मिली। अब इस साल के चुनाव से पहले आए इस सर्वे के मुताबिक, राज्य में कांग्रेस को अच्छी बढ़त मिलने का अनुमान है पार्टी को 62 सीटें मिलते दिखाया गया है। बीजेपी को 12 सीटों का फायदा हो सकता है, सर्वे में पार्टी को 27 सीटें मिली है। जबकि राज्य में कांग्रेस को कांग्रेस 44 फीसदी और बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट शेयर रहने का अनुमान है।

बीजेपी की सीटें बढ़ेगी, लेकिन सत्ता वापसी नहीं

राजस्थान में वर्तमान में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है जिसने 2018 के विधानसभा चुनाव में कुल 200 सीटों में 100 सीटें जीती थी और केवल एक सीट से बहुमत से पीछे रह गई थी। हालांकि चुनाव बाद बीएसपी से गठबंधन कर सरकार बनाने में सफल हुई। जबकि बीजेपी को 73 सीटें और बीएसपी को 6 सीटें मिली थी। वहीं, इस सर्वे की बात करें तो यहां कांग्रेस फिर से सत्ता में वापसी कर सकती है। सर्वे के मुताबिक, 2023 के चुनाव में कांग्रेस को 97 से 105 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि बीजेपी को पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार 16 से 26 सीटों का फायदा होने का अनुमान है। सर्वे में बीजेपी को 89 से 97 सीटें और बीएसपी को 0 से 4 सीटें मिली है।

मध्य प्रदेश में बीजेपी को मिलेगी जीत

एमपी के 2018 विधानसभा चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर हुई थी और 15 सालों में पहली बार किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिल पाया था। हालांकि, सबसे ज्यादा सीट होने का कारण कांग्रेस को सत्ता मिली लेकिन एक साल बाद हुए उलटफेर ने बीजेपी को फिर से सत्ता में वापसी करा दी। 230 विधानसभा सीटों वाली मध्य प्रदेश में 2018 चुनाव में कांग्रेस को 114 सीटें और बीजेपी को 109 सीटों पर जीत मिली थी। जबकि मायावती की बहुजन समाजवादी पार्टी को 2 सीट मिली थी। सर्वे के आंकड़े देखें तो मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनती दिखाई दे रही है। सर्वे में बीजेपी को 116 से 124 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं, कांग्रेस को 100 से 108 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। बीजेपी को राज्य में 42 फीसदी और कांग्रेस को 40 प्रतिशत तक वोट शेयर मिलने की बात सामने आई है।

3 की हत्या, बेकाबू भीड़ ने 8 घरों को फूंका

कौशांबी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी में ट्रिपल मर्डर हुआ है। यहां दलित पिता, बेटी और दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार रात सोते वक्त तीनों की हत्या की गई। चारपाई में तीनों के खून से लथपथ शव मिले। वारदात का पता शुक्रवार सुबह 6 बजे उस वक्त चला जब आसपास के लोग पहुंचे। इसके बाद लोग भड़क गए और आगजनी-बवाल शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने पड़ोस के 7-8 घरों को फूंक दिया। शक है कि जमीनी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना संदीपन घाट क्षेत्र की है। वहीं, इस मामले में 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। परिवार के लोगों के गुस्से को देखते हुए यहां कई जिलों से फोर्स बुलाई जा रही है। वहीं, घटना के बाद एडीजी, कमिश्नर, आईजी, एसपी और चायल व सिराथू के सीओ मौके पर मौजूद रहे। स्थिति को काबू करने के लिए 500 पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया था। फतेहपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कौशांबी से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। जिले के एसपी और डीएम मौके पर मोर्चा संभाले हुए थे। आरोपियों के घरों के बाहर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है, क्योंकि पीड़ित पक्ष बार-बार उनके घरों को जलाने का प्रयास कर रहा है और पथराव कर रहा है। पीड़ित पक्ष की महिलाएं बार-बार इंसाफ मांगते-मांगते रोने लगती हैं।

तहसीलदार समेत 6 पुलिसकर्मी घायल

मौके पर हालात अभी कंट्रोल में नहीं थी। नाराज लोग अभी भी जगह-जगह पथराव और आगजनी कर रहे थे। पीड़ित परिवार की महिलाओं ने पथराव किया। इसमें तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम का सिर फट गया। वहीं, 6 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर और चायल से सपा विधायक पूजा पाल मौके पर पहुंची। दोनों नेताओं ने पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

2 किमी तक पुलिस छावनी में तब्दील

समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीमें उनको समझाने की कोशिश कर रही हैं। 2 किलोमीटर की रेंज में बसे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आस-पास के गांव के लोगों को अंदर आने से रोका जा रहा है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई है। इस मामले में 8 लोगों को नामजद किया गया है। मुख्य आरोपी अमर सिंह और अमित सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा 6 अन्य की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। इनमें गुड्डू यादव, अरविंद सिंह, अरविंद सिंह, राजेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, अजीत शामिल हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब तक इंसाफनहीं मिलेगा, वो शवों का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा : नड्डा

जशपुर/रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर में बीजेपी के दूसरे चरण के 'परिवर्तन यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विपक्षी गठबंधन है वह सनातन धर्म को खत्म करना चाहता है। राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रदेश सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। कहा कि, इस सरकार के दांत खाने के और हैं, दिखाने के और हैं। सभा स्थल में उनका स्वागत पहाड़ी कोरवा लोगों ने परंपरागत तीर और कमान से स्वागत किया। शुक्रवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची से जशपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि, 2 परिवर्तन यात्रा छत्तीसगढ़ में निकली है। इनका समापन बिलासपुर में होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वाद मिलेगा। मोदी जी के नेतृत्व में देश की इज्जत दुनिया में बढ़ी है। जी 20 का सम्मेलन बताता है कि आज भारत पिछलग्गू नहीं है, दुनिया को संदेश दे रहा है और दुनिया को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहा है। आज दुनिया के 21 शीर्ष नेता महात्मा गांधी की समाधि पर नमन करते हैं। ये दिखाता है कि दुनिया हमें कैसे देख रही है। सब मिलकर पीएम मोदी के बताए रास्ते को मानते हुए दिल्ली में सहमति लाते हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांगेस ने 5 साल में सिर्फ छलावा किया

परिवर्तन यात्रा में जेपी नड्डा ने कहा कि, यहां की भूपेश बघेल सरकार ने, कांगेस पार्टी ने 5 साल में सिर्फ छलावा किया। मैं किसान भाइयों से पूछना चाहता हूं भूमिहीन लोगों को जमीन देने का वादा किया उनको जमीन मिल गई क्या। भूपेश बघेल के दिखाने के दांत और खाने के और हैं। खाने के लिए भ्रष्टाचार और दिखाने के लिए नौजवानों को भत्ता, महिलाओं को सिलेंडर देने की बात करते हैं। ये परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाली जा रही है क्योंकि पहले भी छत्तीसगढ़ की सेवा की है और आगे भी काम करना चाहते हैं। वादा करते हैं गरीब कल्याण के जो काम मोदी ने किया वो काम छत्तीसगढ़ में होगा। किसानों, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा।

पेपर लीक मामले में ईडी ने कटारा को किया गिरफ्तार

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में पेपर लीक मामले में आरोपी आरपीएससी पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ एसीबी उदयपुर ने भी मुकदमा दर्ज कर दिया है। बाबूलाल कटारा की अपनी अब तक की आय से 2 करोड़ रुपए से ज्यादा संपति निकली है। बाबूलाल कटारा थर्ड ग्रेड टीचर थे, इसके बाद लगातार कई पदों पर रहे और फिर टीआरआई पद से सेवानिवृत्त हुए। फि र तीन साल पहले आरपीएससी सदस्य बने। फि र इसी साल पद से हटाए गए। पिछले साल दिसंबर में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान का पेपर था। उदयपुर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामले को उजागर किया थाद्ध बस में पेपर सॉल्व करते हुए अभ्यर्थियों सहित अन्य को पकड़ा था। आरपीएससी से पेपर को मिलन कराया तो ज्यादातर प्रश्न मिले थे। उदयपुर पुलिस ने मामले में 2 मुकदमों दर्ज किए थे और इसमें 50 से ज्यादा गिरफ्तारियां की गई। इस मामले में बाबूलाल कटारा भी आरोपी बने। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंबा कार्यकर्ता और सहायिकाओं की रिटायरमेंट उम्र 65 वर्ष

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है।

हिमाचल की त्रासदी को लेकर प्रियंका ने लिखा मोदी को पत्र

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश को तबाह कर दिया है और वहां पूरी तरह से पुनर्निर्माण की जरूरत है इसलिए पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा मैं आपसे अपील करती हूँ कि इस आपदा को 2013 की केदारनाथ त्रासदी की तरह राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये और पीड़ितों तथा राज्य को आर्थिक मदद पहुँचाई जाये ताकि हिमाचल के भाई-बहनों को राहत मिले और राज्य का समुचित ढंग से पुनर्निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की जनता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर त्रासदी से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है। वहां लोग एकजुट होकर श्रमदान कर रहे हैं और चंदा जुटाकर राहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल के सीएम ने अपने निजी बैंक खाते से राहत कोष में दिए 51 लाख

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने आपदा में मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने अपने निजी खाते से 51 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष-2023 में दान की है। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर के साथ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को यह चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जब छोटे-छोटे बच्चे अपने गुल्लक से राहत राशि में पैसा दे सकते हैं, तो वह अपनी जमा नकदी क्यों नहीं दे सकते। प्रदेश को इस वक्त सबकी मदद की जरूरत है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने खाते में जमा राशि आपदा राहत कोष में देने का निर्णय लिया है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री सुक्खू इस तरह से मदद करते रहे हैं। प्रदेश में कोरोना काल के दौरान भी सुखविंदर सुक्खू और ठियोग के विधायक राकेश सिंघा ने अपनी पूरी तनख्वाह आपदा राहत कोष में दी थी। मुख्यमंत्री सुक्खू निरंतर देश व प्रदेश के लोगों से आपदा से स्टेट को बाहर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नूंह हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक राजस्थान से गिरफ्तार

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के पड़ोसी राज्य हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा फैलाने के आरोप में कांग्रेस विधायक मामन खान को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। हरियाणा पुलिस की स्पेशल टीम ने देर रात फिरोजपुर-झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को पकड़ा है। हरियाणा पुलिस की एडीजी ममता सिंह ने बताया कि आज आरोपी विधायक को हरियाणा की कोर्ट में पेश कर रिमांड पर मांगा जाएगा। मामन की गिरफ्तारी के बाद हरियाणा के 9 जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने मुस्लिम समाज के लोगों से जुम्मे की नमाज अपने घर पर ही अदा करने के लिए कहा है। विधायक मामन के पैतृक गांव भादस और उसके आसपास पुलिस फोर्स भी तैनात कर दी गई है। दरअसल, कांग्रेस विधायक मामन खान पर नूंह में हिंसा भड़काने का आरोप है। हिंसा के दौरान उसने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाले थे। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने विधायक मामन खान को दो बार नोटिस जारी कर तलब किया, लेकिन वह नहीं गए। उधर, कांग्रेस विधायक मामन खान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी। याचिका पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की थी, अब अगली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ईडी एक्शन... मुंबई, भोपाल, कोलकाता समेत अन्य शहरों में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

महादेव एप पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 417 करोड़ की प्रापर्टी फ्रीज

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 417 करोड़ रुपये के अपराध हुए आय को जब्त किया है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि हमने कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं। ईडी ने कहा, हमने अपराध से अर्जित 417 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। ईडी के अनुसार सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की ओर से बनाई गई कंपनी दुबई से परिचालन कर रही थी। कंपनी कथित तौर पर नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित जाल के माध्यम से धन शोधन करने के लिए ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रही थी।

कमीशन देकर फ्रेंजाइजी संचालित

ईडी ने कहा कि यह अपने ज्ञात सहयोगियों को 70-30 प्रतिशत लाभ अनुपात पर पैनल/शाखाओं को फ्रेंचाइज करके संचालित करता है। सट्टेबाजी से प्राप्त आय को विदेशी खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेशन किए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि नए उपयोगकर्ताओं और फ्रेंचाइजी (पैनल) चाहने वालों को आकर्षित करने के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापन के लिए भारत में नकद में बड़ा खर्च किया जा रहा है। कंपनी के प्रमोटर छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं और महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन एक अंब्रेला सिंडिकेट है जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को सक्षम करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है।

यूएई मुख्यालय से चल रहा महादेव एप

एजेंसी ने बयान में आरोप लगाया, ''ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत बरामद किए हैं और 417 करोड़ रुपये के अपराध की आय को फ्रीज/जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बुक एप यूएई के एक केंद्रीय मुख्यालय से चलाया जाता है।

संपादकीय

पाक को मुंहतोड़ जवाब

पड़ोसी देश पाकिस्तान दिन दिनों दिवालिए पन की कगार पर पहुंच चुका है। इसके बावजूद वह भारत में आतंकवाद की आग को हवा देने से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिशे लगातार जारी है। इसी के चलते अनंतनाग में पाकिस्तान प्रशिक्षित और एक कश्मीरी आतंकवादी ने मिलकर भारतीय सेना और सुरक्षाबलों पर उस समय हमला बोला जब वो आतंकवादियों के खिलाफ सर्चिंग अभियान चला रहे थे। आतंकवादियों और भारतीय सेना के बीच चली मुठभेड़ में सेना के एक कमांडर मनप्रित सिंह, मेजर आशीष और कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायू भटट के अलावा एक जवान भी शहीद हो गया। उन हमलावर आतंकियों के खिलाफ सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है और बहुत जल्द उन आतंकवादियों को जहन्नूम रसिद किया जाएगा। लेकिन भारत अपने जाबांजो की इस शहादत को नहीं भूलेगा। पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की पूरे देश में पुरजोर मांग उठ रही है। जम्मू कश्मीर में भी जगह-जगह जवानों की शहादत को सलाम किया गया। और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। वह जम्मू-कश्मीर जहां कभी मुठभेड़ में आतंकवादियों के मारे जाने पर मातम मनाया जाता था और आतंकवादियों के जनाजे में भीड़ उमड़ा करती थी वहां अब सेना के सपूतों की शहादत पर लोगों की आंखे नम हो रही है और आतंकवादियों के सफाये के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। जाहिर है 370 के खात्मे के बाद से जम्मू-कश्मीर के हालात तेजी से बदल रहे हैं और अब वहां आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवान अपनी जान हथेली पर लेकर बचे कुचे आतंकवादियों को नेस्तनाबुत कर रहे है। यही वजह है कि पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ है। उसे जम्मूकश्मीर में शांति की बहाली नागवार गुजर रही है और वह एक बार फिर कश्मीर घाटी को दहलाने के नापाक मंसूबो को पूरा करने की शिद्दत से कोशिश कर रह है। अब समय आ गया है कि भारत पाकिस्तान को एक बार फिर करारा जवाब दे। पूर्व में जिस तरह पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल और एयर स्ट्राईक की गई थी उसी तरह एक बार फिर पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों पर ध्वस्त किया जाए। ताकि सीमा पार चल रहे आतंकवादी प्रशिक्षण केन्द्रों का पूरी तरह सफाया हो जाए। इसके साथ ही कश्मीर घाटी में भी उन आस्तीन के सांपो के खिलाफ भी कड़ी और बड़ी कारवाई की जाए जो अभी भी आतंकवादियों के हिमायती बने हुए है और उन्हें मदद मुहैय्या कराते है। हालाकि ऐसे अलगावादी तत्वों की कमर टूट चुकी है लेकिन वे अभी भी बचे कुचे आतंकवादी के खैर ख्वाह बने हुए है। उनकी पहचान कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई निहायत जरूरी है। जवानों की इस शहादत पर भी सियासत करने वाले जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूख अब्दुल्ला और सैफूदिन जैसे नेताओं को भी समझाइश देने की आवश्यकता है जो आए दिन पाकिस्तान की पैरोकारी करते रहते है और पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करते नहीं थक रहे है। ऐसे लोगों को भी सबक सिखाना जरूरी है।

लैंगिक दृष्टि से परिवर्तन को मिला प्रोत्साहन

संगीता रेड्डी

जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को व्यापक प्रोत्साहन मिला है। अब समय आ गया है कि महिलाएं विकास की प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए आगे आयें।

जी20 एम्पॉवरवैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतुजी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है।

महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास'की अवधारणा पेश की। भारत के लिएखास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रितकिया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों। जी20एम्पॉवर की भारत कीअध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर हैः शिक्षा, महिला उद्यमिताऔर सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय हैऔर हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभहों। शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभबनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस÷संपूर्ण-सरकार÷ का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे। महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के

उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हमनिजी क्षेत्र को न केवल एक वित्त पोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भीआगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा वउसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवंकल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करनेका विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेट फॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नज़र रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतुरुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं। तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्ट कार्य प्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्य प्रणालियां संकलित हैं।

चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य सेजी20 एम्पॉवर कीवेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर कीवेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं। पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवरपहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवरके हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है।

इन पहलों के अलावा, हमने 'गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर सेलैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों। 30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। **(लेखिका जी20 एम्पॉवर की अध्यक्ष और फिक्कीकी भूतपूर्व अध्यक्ष हैं; ये उनके निजी विचार हैं)**

दूसरा, हमने एक केपीआईडैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नज़र रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतुरुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं। तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्टकार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्टकार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्टकार्यप्रणालियांसंकलित हैं। चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य सेजी20 एम्पॉवर कीवेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर कीवेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं। पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवरपहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवरके हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है।

विशेष

सीआरपीएफ अफसर बना फरिश्ता

नक्सल मोर्चे पर तैनात सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों दिन रात नक्सली मूवमेंट से जूझना पड़ता है। ऐसे कठिन मोर्चे पर वह अधिकारी प्रसव पीड़ा से तड़फ रही गर्भवती महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराकर जच्चा-बच्चा की जान बचाने फरिश्ता बनाकर आदिवासियों का विश्वास जीता। नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के अंदरुनी गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। इस वजह से स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस अंदरूनी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। डिलीवरी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने प्रसव पीड़ा से परेशान महिला की सड़क पर सुरक्षित डिलीवरी करवाई। प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्र लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस क्षेत्र के बीमार पड़ने वाले ग्रामीण मरीजों और गर्भवती महिलाओं को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिले के पेद्दागेलूर गांव में भी एक महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे तररेम स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था। इस दौरान महिला की स्थिति गंभीर हो गई, जिससे गर्भवती की जान पर बन आई। इसी दौरान नक्सलियों से लोहा लेने के लिए खोले गए सीआरपीएफ के 153 बटालियन कैंप में पदस्थ अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली। आनन फानन में अधिकारी मौके पर पहुंच कर गर्भवती को इलाज के लिए कैंप लाने की कोशिश करने लगे, लेकिन महिला की स्थिति इतनी गंभीर अवस्था में थी कि उसकी डिलीवरी सीआरपीएफ के अधिकारियों को बीच सड़क पर ही करानी पड़ी। लगभग आधे घंटे के मशक्कत के बाद महिला सुरक्षित प्रसव कराया गया और महिला ने एक स्वस्थ्य बेटी को जन्म दिया, प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सुकमा जिले के पेद्दागलूर सीआरपीएफ 153 बटालियन कैंप में पदस्थ अरुण कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों को बीमार होने से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में सीआरपीएफ के द्वारा उन्हें हर संभव मदद पहुंचाने के लिए कोशिश की जाती है. स्वास्थ सुविधा और कम्युनिटी पुलिसिंग के चलते सीआरपीएफ ग्रामीणों का भरोसा जीतने में कामयाब रही है. यही वजह है कि इस इलाके में काफी हद तक नक्सली बैकफुट पर हैं। अरुण कुमार ने बताया कि शासन की स्वास्थ्य सुविधाएं अभी भी अंदरूनी गांव तक नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे ग्रामीणों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जवानों को जानकारी मिली कि एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद कांवड़ से तर्रेम स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा है, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। महिला के बारे में ये भी सूचना मिली कि उसके शरीर से रक्त का रिसाव भी हो रहा है. इस सूचना के बाद सीआरपीएफ के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और अन्य अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिला को कैंप में डिलीवरी करने की योजना बनाई गई, लेकिन गर्भवती महिला की हालत इतनी खराब थी कि उसे कैंप तक लाना मुश्किल था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लीडर जब से वो हुए, मेवा खाते रोज

लीडर जब से वो हुए, मेवा खाते रोज भूखी जनता के लिए,बस वादो की ड़ोज ओ गरीबी है तेरा, कितना भीषण रूप रोटी,छत, कपड़ा नहीं, जीवन तपती धूप रोजगार की आस में, बूढ़े होते लोग महंगाई इतनी अधिक, उसपर हैं ये रोग लोग निराशा से घिरे, टूटी हैं सब आस चूल्हा कब से न जला, बर्तन बहुत उदास। **शालिनी शर्मा**

है गुजारिश आ जाओ दिल की

है गुजारिश आ जाओ. दिल की गहराईयो मे घर है तेरा, खुशी का दीप जला जाओ! है गुजारिश आ जाओ! तुम तो बसी हो मन-मंदिर मे, खुशबू बन कर बस जाओ! है गुजारिश आ जाओ! एक हुये थे जब पिन्क शहर मे हम, वही रंग फ़िर एक बार भर जाओ! है गुजारिश आ जाओ! **पंकज मिश्र**

खास पाती

तन से प्रेम करे क्यों मानव

तन से प्रेम करे क्यों मानव मन को मीत बना कर देख प्रभु चरण में मिलेगा अमृत छलिया से नेह लगाके देख। कान्हा कान्हा क्यों तो बोले राधा के गुण बस गा के देख कान्हा तुझे तुझमें ही मिलेंगे राधा से प्रीत तू लगाकर देख। **दिव्या राकेश शर्मा**

न तुम मुझको कहीं ढूंढो

न तुम मुझको कहीं ढूंढो, न मैं तुमको कहीं ढूंढूं। न तुम मुझको कहीं देखो, न मैं तुमको कहीं देखूं। न तुम मुझको कभी सोचो,न मैं तुमको कभी सोचूँ। न तुम तरसो, न मैं तरसूं, न तुम तड़पो, न मैं तड़पूं। आखिरी बार इक दूजे को जी भर देख लें, रो लें। चलो अब अलविदा कह लें, चलो अब अलविदा कह लें।। **योगेंद्र सिंह रघुवंशी**

देखो ना मेरे सुर बेसुरे हो गए

देखो ना मेरे सुर बेसुरे हो गए आंसू सूखकर कुरकुरे हो गए वक्त उस्ताद बन सयाना निकला और हम उसके जमूरे हो गए ।। मन्नत का

सारा धागा नाकाम रहा घंटो एकटक तकना व्यायाम रहा हमनें शराफ्त में नाम भी न लिया मगर इश्क का चर्चा सरेआम रहा ।। समस्त चाहत कहां पूरी होती है ? सच्ची प्रेम कहानी अधूरी होती है जिंदगी के दामन में..जीने के लिए थोड़ी गलतफहमी...जरुरी होती है । मुसलसल कष्ट रंजिश निभा रहा हौले हौले से मेरी नस दबा रहा तड़प से उसको कोई मतलब नहीं खामोश है, जैसे एहसान जता रहा ।।

मनीष सिंह वंदन

नहीं रहे भावों के अब वो सैलाब

नहीं रहे भावों के अब वो सैलाब रिश्तों में नहीं भरते हैं अब वो खुशियों के तालाब किश्तों में किसी को किसी की पड़ी ही नही है बू अहम की भर गई नायाब रिश्तों में। **मधुलिका शुक्ला**

सांझ ढलते ही देंगी मेरी यादें

सांझ ढलते ही देंगी मेरी यादें दस्तक, तुम्हारे दिल पर ध्यान रखना तुम व्यस्त न हो जाना कहीं मुझे भूल न जाना कहीं सुनते ही दस्तक खोल देना, यादों के झरोखे झटपट तब तब, महसूस कर पाओगे मैं साथ हूं तुम्हारे दिल और दिमाग में तुम.... कुछ और सोचना नहीं कहीं और तुम खो जाना नहीं भूलना नहीं, सांझ होते ही देंगी मेरी यादें दस्तक तुम्हारे दिल पर! **डॉ अर्चना खंडेलवाल**

हां, मैं करूंगी प्रतीक्षा तुम्हारी

हाँ, मै करूंगी प्रतीक्षा तुम्हारी ज़ब तक आँखों में रौशनी की अंतिम लौ जलती रहेगी हाँ, मै करूंगी प्रतीक्षा तुम्हारी ज़ब तक एक सांस भी मुझमे चलती रहेगी नस-नस में दौड़ती लहू की आखिरी बूँद और मेरे हृदय में चलती सभी हलचलों के थमने तक मै करूंगी प्रतीक्षा तुम्हारी ज़ब तक मै स्वयं अस्थियों में सिमट कर बहा दी न जाऊँ गंगा घाट पर और समा न जाऊँ संगम की गहराइयों में हाँ, मै करूंगी प्रतीक्षा तुम्हारी। **माया देवांगन**

वैसा तो बिल्कुल नहीं हूं मैं

वैसा तो बिल्कुल नहीं हूँ मैं, जैसा दिखता हूं मैं, तुझसे झूठ कहा है किसी ने कि फरिश्ता हूँ मैं, अहले जहाँ में ढिंढोरा ना पीट मेरी वफाओं का, तू जानता नहीं मुझे अव्वल दर्जे का बेवफ़ा हूँ मैं, मैंने खताएं की होती तो शायद माफी मिल जाती, गुनाह किए हैं मैने जिनकी सज़ा भुगत रहा हूँ मैं, तू बहुत नादान है मुझको सअनमोल कहने वाले, जो चलन से बाहर हुआ वो खोटा सिक्का हूँ मैं, र'ब जाने कब हमारे हक में होगा दरिया कोई अभी तो जब तिष्नगी बढ़ी कुआं खोदता हूँ मैं। **अनिल अनमोल शर्मा**

आज का इतिहास

1810 - निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया। 1821 - मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1908 - 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई। 1947 - टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफ़ान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई। 1975 - केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए। 1975 - पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की। 1978 - जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित। 2003 - भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया। 2007 - पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया। 2007 - वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत। 2008 - भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया। 2009 - दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।

QUIZ TIME

1) कहां पर हाल ही में एक पुरातत्वविद द्वारा मध्य पाषाण युग रॉक पेंटिंग की खोज की गयी है?

2) कौन-सी श्रेणी, पुणे में विकसित भारत की सर्वप्रथम सुपर कंप्यूटर श्रेणी है?

3) हाल ही में किस देश के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

4) सितंबर 2023 में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन कहाँ किया जाएगा?

5) हाल ही में किसने मिस इंटरनेशनल इंडिया 2023 का खिताब जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आंध्रप्रदेश (2) परम (3) हीथ स्ट्रीक (4) बर्लिन (5) प्रवीणा आंजना

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -187

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे 1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 186 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कैं	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

आज का पंचांग (शनिवार, 16 सितंबर)

सूर्योदय:06:16, सूर्यास्तः 06:30, चन्द्रास्तः 18:43, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वत:1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष कृष्ण, तिथि अमावस्या (07:09 से प्रतिपदा), नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी (पूर्ण रात्रि), योग शुभ (03:42 से शुक्ल), प्रथम करण नाग (07:09 तक), द्वितीय करण किंस्तुघ्न (20:15 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-सिंह, चंद्र-कन्या (11:35 से), मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु-मेष, केतु-तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:37, अमृत काल 23:35 से 01:22, विजय मुहूर्त 14:16 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त 18:23 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या 18:23 से 19:33, निशिता मुहूर्त 23:49 से 00:35, ब्रह्म मुहूर्त 04:28 से 05:15, राहुकाल 10:39 से 12:12, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 15:17 से 16:50, होमाहुति सूर्य, दिशाशूल पश्चिम, नक्षत्र शूल उत्तर, अग्निवास आकाश (07:09 से पृथ्वी), चन्द्रवास पूर्व (दक्षिण 11:36 से), शिववास गौरी के साथ (07:09 से श्मशान में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन साधारण ही रहेगा। अधिकांश समय आप अपने मे ही मगन रहेंगे लेकिन अपने कार्यो को थोड़े आलस्य के बाद पूरी निष्ठा से करेंगे।

वृष-आज के दिन आप अपनी बुद्धि के बल से धन एवं सम्मान का लाभ पायेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि निखरेगी।

मिथुन-आपके लिए आज का दिन उतारचढ़ाव वाला ही रहेगा। आस-पास का वातावरण आपको ना चाहते हुए भी क्रोध करने पर मजबूर करेगा।

कर्क-आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा। प्रातः काल से ही मन मे धन लाभ की कामना लगी रहेगी।

सिंह-आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। धन को लेकर ज्यादा भागदौड़ करने के पक्ष में नही रहेंगे।

कन्या-आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी लेकिन आपकी मौज शौक की प्रवृति के पीछे खर्च अधिक होगा।

तुला-आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। दिन के प्रथम भाग में कोई अशुभ समाचार मिलने से मन बेचैन रहेगा। परिवार अथवा रिश्तेदारी में दुखद घटना होने की संभावना है।

वृश्चिक-आज के दिन आपको अकस्मात धन की प्राप्ति होगी। पारिवारिक संबंध आपकी उन्नति में सहायक बनेंगे

धनु-आज के दिन आपकी सोची अधिकांश योजनाए निर्विरोद्ध सफल होंगी। खासकर महिलाये कार्यो के मन इच्छित रूप से होने पर दिन भर प्रसन्न रहेंगी।

मकर- आज के दिन आपको पारिवारिक प्रतिष्ठा का भरपूर लाभ मिलेगा लेकिन संतानो को लेकर कोई नई समस्या खड़ी होने से थोड़ी परेशानी भी रहेगी।

कुंभ-आपका आज का दिन संघर्षमय रहेगा। मध्यान तक लगभग सभी कार्य अव्यवस्थित रहेंगे जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे कोई ना कोई उलझन पड़ेगी।

मीन-आज का दिन आपको विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु सम्बन्धो को लेकर आपकी लापरवाही स्नेही जनों से दूरी बनायेगी।

न्यूज गैलरी

13 खाद्य निरीक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 20 फरवरी 2022 को आयोजित खाद्य निरीक्षक परीक्षा के आधार पर 28 अप्रैल 2022 को जारी मेरिट सूची में चयनित 13 अभ्यर्थियों के नियुक्ति तथा पदस्थापना आदेश आज संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जारी कर दिए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति निरीक्षक के पद पर, वेतन मेट्रिक्स लेवल 7 (28700-91300) तथा नियमानुसार राज्य शासन द्वारा देय भत्तों पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष की परिवीक्षा पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक उल्लेखित शर्तो पर नियुक्ति किया जाकर पदस्थापना की गई है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी होने की तारीख से 10 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त मान जाएगा।

आज हॉस्टल वार्डन के दस्तावेज होंगे सत्यापित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर प्रथम चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को 15 सितम्बर 2023 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में तक आयोजित किया गया है। जो अभ्यर्थी उक्त तिथि में दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हो सके हैं, वे 16 सितम्बर को उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन करवा सकते हैं। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट http:// cgiti.cgstate.gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी उसी दिवस सायं 5 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा/आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

चाकू की नोक पर ट्रक चालक से लूटपाट

रायपुर/नवप्रदेश। एयरपोर्ट रोड मंदिरहसौद में ट्रक को रोककर चाकू की नोक पर चालक व हेल्पर से मोबाइल व नकदी लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललित निषाद 25 वर्ष बनियातोरा धमतरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने हेल्पर प्रदीप साहू के साथ डम्फर क्रमांक सीजी 05 एजे 7709 से गिट्टी भरने जा रहा था। तभी एयरपोर्ट रोड मंदिरहसौद के पास आरोपी प्रदीप भारती अपने तीन अन्य साथियो के साथ आया और ट्रक को रोककर चाकू की नोक पर चालक व हेल्पर से मोबाइल व नकदी 2 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। मीलन चौक संजयनगर में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहन साहू 24 वर्ष मीलन चौक संजयनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी हेमंत साहू, आकाश व दद्दू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के सामने ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विकाश नागेन्द्र 30 वर्ष उरला का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त स्वरूपदास के साथ बाइक से जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचटी 9107 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे विकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त स्वरूपदास को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

कार की टक्कर से महिला की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुरा स्थित किया शोरूम के पास अज्ञात कार चालक ने रोड पार कर रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका प्रतिमा प्रमाणिक 44 वर्ष भारतमाता स्कूल के पीछे टाटीबंध की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रतिमा रायपुरा स्थित किया शोरूम के बाहर रोड पार कर रही थी, तभी अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रतिमा को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो बाइक में जबरदस्त टक्कर, एक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा के सांई धाम मोड़ के पास दो बाइक आपस में भिड़ गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दूसरे बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र निषाद 19 वर्ष अपने दोस्त मृतक सुभाष वर्मा 35 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी सांई धाम मोड़ के पास बाइक क्रमांक सीजी 08 एवी 3259 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी के बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में सुभाष वर्मा की मौत हो गई। वहीं प्रार्थी को चोट लगा है। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते तीन कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 44 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास मोवा में अवैध शराब बेचते आरोपी संतोष बारले 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी भरोस टंडन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 120 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी शोभा कोसले 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ की पहली सबसे बड़ी टेनिस अकादमी तैयार

■ सीएम भूपेश बघेल ने कोरोना काल के पहले की थी अकादमी बनाने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहली तथा सबसे बड़ी मानी जा रही टेनिस अकादमी बनकर तैयार हो गई है। थोड़ी सी फिनिशिंग बची है और इसे सितंबर अंत में शुरू कर दिया जाएगा। बुधवार को सीएम भूपेश बघेल के सामने पीडब्ल्यूडी अफसर लॉन टेनिस कोर्ट का प्रजेंटेशन देंगे और लोकार्पण की तारीख तय होने की संभावना है।

कोर्ट में ऑस्ट्रेलियन टर्फ

इंदिरा गांधी कृषि विवि परिसर में बनी टेनिस अकादमी में 3500 दर्शकों की क्षमता वाला मेन कोर्ट तथा उससे लगे 5 प्रैक्टिस कोर्ट बनाए गए हैं। परिसर 4 एकड़ में है और इसे बनाने में 18 करोड़ रुपए लागत आई है। सभी कोर्ट का टर्फ आस्ट्रेलिया की एक कंपनी ने लगाया है।

नाइट मैच और रात में होगी प्रैक्टिस

मेन कोर्ट तथा पांचों प्रैक्टिस कोर्ट में रात में भी मैच हो सकेंगे। इसमें पॉवर सप्लाई के लिए बिजली सब स्टेशन लगाया गया है। एकेडमी में हॉस्टल और मुख्य भवन एयरकंडीशंड हैं। परिसर में हॉस्टल, वेटिंग रूम, रिसेप्शन, 2 चेंजिंग रूम, 2 हॉल और पार्किंग एरिया बनाया गया है।

नगरीय क्षेत्रों में भी बेघरों को मिलेगा काबिज भूमि का निः शुल्क पट्टा

रायपुर/नवप्रदेश। छग के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का निः शुल्क पट्टा दिया जाएगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों के लिए पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 की अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है। इसके मुताबिक नगर निगम क्षेत्र में आवासहीन व्यक्ति 600 वर्ग फीट और नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में 800 वर्ग फीट से अनधिक शासकीय भूमि के पट्टे के लिए पात्र होंगे, लेकिन जल संरक्षण अधिनियम के प्रविधानों व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी जारी नए पट्टे निःशुल्क होंगे और सभी प्रयोजनों के लिए इन्हें रियायती पट्टा माना जाएगा। इस पर नगरीय निकाय, संपत्ति व अन्य कर के विषय में अपनी विधियों के अंतर्गत निर्णय ले सकेगा। प्राधिकृत अधिकारी प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रारूप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्रत्येक कुटुंब के उपयोग के अधीन भू-खंड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी, ऐसे क्षेत्रों का भुवन या मुक्तस्त्रोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा।

टाइटेनियम से बनाई गई पसली, हादसे में घायल शिक्षक को मिली नई जिंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआइ) के हार्ट चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने टाइटेनियम प्लेट से नई पसली बनाकर सड़क हादसे में घायल शिक्षक की जान बचाई है। राजिम के रहने वाले 63 वर्षीय शिक्षक विगत आठ दिनों पहले स्कूल से घर आते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। सिर और छाती में गहरी चोट आई थी। हादसे के बाद उन्हें तुरंत गरियाबंद अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डीकेएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। आक्सीजन सेचुरेशन गिरने के कारण मरीज को तुरंत एसीआइ के हार्ट चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में रेफर किया गया। हार्ट सर्जरी विभाग में शिफ्ट करते ही मरीज को वेंटिलेटर पर डालना पड़ा, क्योंकि पसली के चकनाचूर होने के कारण फ्लेल चेस्ट बन गया था। इससे मरीज को सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। वेंटिलेटर सपोर्ट के बाद भी आक्सीजन सेचुरेशन अच्छा नहीं था। सर्जरी करने वाले डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि ऐसी स्थिति में मरीज को अत्यधिक हाई रिस्क में आपरेशन के लिए लेना पड़ा। मरीज की छाती में दाहिनी तरफ की सात से ज्यादा पसलियां जगह-जगह से टूट गई थीं।

मनपसंद स्कूल में ज्वाइनिंग दे सकेंगे शिक्षक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 2,327 शिक्षकों की पदोन्नति के बाद पदस्थापना में हुए संशोधन को निरस्त किया जा चुका है। ऐसे में करीब 700 से अधिक शिक्षकों ने कोर्ट में शरण ली है। कोर्ट ने कुछ याचिकाओं पर स्थगन आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में ये शिक्षक न ही अपनी वर्तमान स्कूल में पढ़ा रहे हैं और न ही अपने मूल स्कूल में ज्वाइनिंग दे पा रहे हैं। मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने पदोन्नति उपरांत किए गए संशोधन आदेश निरस्तीकरण के संबंध में सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा पदोन्नति उपरांत किए गए संशोधन आदेश निरस्तीकरण के संबंध में सभी संयुक्त

संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय के अभिमत अनुसार जिन शिक्षकों के संशोधित आदेश निरस्त किए गए थे, यदि वह स्वयं की इच्छा से अपने मूल पदस्थापना स्थल (जहां पदोन्नति उपरांत सर्व प्रथम पदस्थ किया गया था) कार्यभार ग्रहण करना चाहते हैं तो उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आज जारी निर्देश में संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर प्रकरण में पारित निर्णय 11 सितम्बर 2023 के परिप्रेक्ष्य में महाधिवक्ता कार्यालय से अभिमत चाहा गया था, संबंधित अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा दिए गए अभिमत के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। महाधिवक्ता कार्यालय से यह भी अभिमत दिया गया है कि किसी शिक्षक के विरूद्ध व्यक्तिगत अवचार का कोई प्रकरण उपस्थित होता है तो उनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। उच्च न्यायालय द्वारा केवल 04 सितम्बर 2023 के आदेश के संबंध में 11 सितम्बर 2023 की स्थिति में यथास्थिति का आदेश दिया गया है।

बुलेट ट्रेन का वादा करने वाले पीएम मोदी पैसेंजर ट्रेन भी नहीं चला पा रहेः साहू

■ भाजपा नेता गरीबों के हितैषी बनने का ढोंग न करें: राजेंद्र साहू

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने रायगढ़ में हुई सभा में पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मोदी ने 2022 तक सभी आवासहीनों को पीएम आवास, बुलेट ट्रेन चलाने, किसानों की आय दोगुना करने और महंगाई कम करने के वादे किये थे। देश की जनता से किये गए वादों को पूरा करने में पीएम मोदी पूरी तरह फेल हो गए। बेतहाशा महंगाई बढ़ाकर गरीबों की कमर तोड़ने वाले मोदी को गरीबों के हितों की बात करना शोभा नहीं देता। राजेंद्र ने कहा कि 2014 में पीएम बनने से पहले देश की जनता से किये गए वादों पर मोदी क्यों नहीं बोलते? हालत ये है कि बुलेट ट्रेन का वादा करने वाले मोदी पैसेंजर ट्रेन तक नहीं चला पा रहे हैं। हजारों ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। हर दिन लाखों रेलयात्री परेशान हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के रेट बढ़ाकर हर व्यक्ति पर महंगाई थोप दी। समर्थन मूल्य न बढ़ाने से देश के अधिकांश राज्यों में किसानों की आय बढ़ने की बजाय कम हुई है।

राजेंद्र ने कहा कि दस साल पहले मोदी समेत सभी भाजपा नेताओं ने देशवासियों को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। ये सपने आज तक पूरे नहीं हुए। मोदी राज में देश की दुर्दशा हो गई। महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। करोड़ों लोगों की नौकरी छिन गई। बेरोजगारी की मार से देश के युवा परेशानहाल हैं। राजेंद्र ने कहा कि भूपेश सरकार पर झूठा आरोप लगाने से पहले मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं को राज्य में गरीबों के हित में किये गए कार्यों का अध्ययन कर लेना चाहिए।

विशाल और भव्य पंडालों में विराजेंगे विघ्नहर्ता

रायपुर/नवप्रदेश। 18 सितंबर से प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव के लिए राजधानी में जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। शहर के चौक-चौराहों में बड़ी और भव्य गणेश पंडाल तैयार की जा रही हैं। अधिकांश स्थानों पर पंडालें तैयार हो चुकी हैं और सजावट के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को फाइनल टच देकर गणेशोत्सव समतियों को दे रही है। राजधानी में मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की धूम न केवल पूरे छत्तीसगढ़ में है बल्कि देशभर में भी रायपुर का नाम इस उत्सव के लिए प्रमुखता से लिया जाता है। गणेशोत्सव को खास तरह से सेलिब्रेट करने की वजह से रायपुर का नाम काफी प्रसिद्ध हो चुका है। कोरोनाकाल में गणेशोत्सव का रंग फीका रहा, लेकिन अब गणेशोत्सव समतियां फिर से पुराने फार्म में लौट आई है। 70 से 80 फीट ऊंची भव्य पंडालों में इस बार विघ्नहर्ता की विशाल प्रतिमाएं स्थापित किए

जाने की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। शहर से लगे माना, राजिम, अभनपुर, अंजोरा-दुर्ग, रायपुरा, थनौद जैसे इलाकों में रहने वाले मूर्तिकार बप्पा की भव्य प्रतिमाएं तैयार कर चुके हैं। इन प्रतिमाओं को तैयार करने काफी पहले से आर्डर हो चुका था। गणेशोत्सव समितियों के द्वारा इस बार फिर से विशाल और भव्य प्रतिमाएं बनवाई गई हैं। शहर के अधिकांश प्रमुख और पुराने गणेशोत्सव समितियों द्वारा इस वर्ष धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जाएगा। कई स्थानों पर बड़ी प्रतिमाओं को लाने की तैयारी हो चुकी है। शहर के कई इलाकों में आज गणेशोत्सव समितियां गाजे-बाजे के साथ बप्पा को लेकर पंडालों की ओर जाते दिखे।

सामुदायिक भवन, सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन

रामधुनी व कबड्डी प्रतियोगिता में भी हुईं शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधायक छन्नी चंदू साहू ने छुरिया के वार्ड क्रमांक 15 में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। यह 5 लाख की लागत से निर्मित होगा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ ही वार्डवासी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि छुरिया नगर में विकास कार्यों की श्रृंखला तेज गति से आगे बढ़ रही है। हाल ही नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य निर्माण कार्य भी शुरु किए गए हैं, जिसका लाभ जल्द ही लोगों को मिलेगा।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनियाटोला में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भी विधायक बतौर अतिथि शामिल हुईं। यहां वे प्रतिभागियों से रुबरु हुईं और कबड्डी का दिलचस्प मुकाबला भी देखा। उन्होंने कहा कि-कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों का हुनर निखारने के लिए कई जतन किए हैं। पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेकर अपना खेल कौशल साबित किया है और संभागीय खेलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने यहां 5 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भी भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्राम बखरूटोला में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में भी विधायक छन्नी साहू शामिल हुईं। उन्होंने यहां पहुंचकर श्रीराम की पूजा-अर्चना कर आराध्य को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि-छत्तीसगढ़ के भांचा श्रीराम जिस रास्ते से होते हुए लंका गए और अपना वनवास काटा उस मार्ग पर कांग्रेस ने राम वनगमन पथ विकसित कर उनके अस्तित्व को संजोने का कार्य किया है।

इन कार्यक्रमों के दौरान छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, विपिन यादव, तुकाराम कुंजाम, सुरेश पडौती, दया साहू, प्रेमलाल सेन, खिलावन साहू, शेर सिंह, चिंता राम, लता बाई, राम कुंवर, सरपंच, फत्ते लाल कंवर, श्याम लाल, अजय तुमरेकी, कैलाश साहू, नेतराम, जानकी बाई, चंद्रिका बाई, गेंद लाल, धनु राम, ओम बाई, संतोष बंजारे, विजय साहू, नोहर साहू, भारत साहू, कुलदीप साहू, जाकेश साहू, चरण साहू, गिरवर साहू, बिहारी लाल, लोकनाथ पडौती, रामपाल नेताम, विजय साहू, तारण साहू, राजेश साहू, प्रमोद साहू, वीरू राम, नारायण साहू, विषनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिकजन मौजूद थे।

देवी गंगा, देवी गंगा... गीत के साथ भोजली विसर्जन

जीवनभर साथ निभाने का लिया जाता है संकल्प: नरेंद्र

बेमेतरा भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि भोजली का त्योहार मित्रता का वह पर्व है जिसे जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया जाता है। अपनी लहलहाती फसल को देखकर किसान एक ओर जहां प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करता है तो दूसरी ओर गांव की युवतियां इस हरियाली को देखकर गीत गाती है, उसकी सेवा करती है। फिर भोजली का विसर्जन किया जाता है।

बेरला/नवप्रदेश। ग्राम कोसपातर (बारगांव) के शिव मंदिर से लोकपर्व भोजली का विसर्जन गुरुवार को कोसपातर स्थित तालाब में किया गया। पर्व के लिए छोटी-छोटी टोकनियों में मिट्टी डालकर गेंहू, धान या जौ बोया जाता है। इसे घर या मंदिर के पवित्र स्थान में स्थापित किया जाता है। साथ ही एक सप्ताह तक घरों में भोजली गीतों के साथ ही भक्त अपनी सेवाभक्ति भी अर्पित करते हैं। गांव के मोहल्ले में भ्रमण करते विसर्जन स्थल तक टोलियों के पहुंचने पर समिति की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वे पारंपरिक श्रृंगार कर भोजली गीत हमरो भोजली दाई के पैया पखारी....देवी गंगा देवी गंगा, लहर तुरंगा...कुटी डारेन धाने, छरि डारेन भूसा, लइके लइके हवन भोजली झनि होही गुस्सा गीत गाए ।तत्पश्चात विसर्जन स्थल पर लोगों ने एक-दूसरे के कान में भोजली लगाकर मितान-मितानीन बने और दोस्ती की कसमें भी खाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं सहित गांव के लोगों की उपस्थिति रही।

जेके वैष्णव ने किया खैरागढ़ कालेज के छात्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ यूथ रेडक्रास समिति के तत्वावधान में दिनांक 11 सितम्बर 2023 सोमवार को रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने रक्तदान किये। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र वर्मा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं अध्यक्ष न.पा.प.खैरागढ , अध्यक्षता जितेन्द्र साखरे प्रभारी प्राचार्य , जे के वैष्णव यूथ रेडक्रास प्रभारी , डॉ. अपर्णा तिवारी , डॉ. अंशु पैकरा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र वर्मा ने रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं को अच्छा स्वास्थ्य रखने बधाई शुभकामनाएं दी। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने रक्तदान महादान के महत्व को बताते हुए मानव जीवन को बचाने में रक्त की आवश्यकता को समझाया। यूथ रेडक्रास प्रभारी जे के वैष्णव ने कहा कि भगवान का दिया अल्प नहीं होता , रक्तदान का कोई विकल्प नही होता। इसके साथ ही * मानवता के हित में काम कीजिये , रक्तदान अवश्य ही दीजिए * की बातें कहते हुऐ युवा छात्र छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में कु. लीना वर्मा , कु. देवकी साहु , कु.प्रतिभा बघेल , कु. रानी वर्मा , टिकेन्द्र वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, मोपेन्द्र वर्मा, श्याम साहु , गीधेलाल वर्मा, सदानंद निषाद,करण देवांगन, उमेन्द्र साहु, प्रदीप यादव, खलेश्वर वर्मा,एमन लाल साहु, भारत नेताम,अजय कुमार, भागवत शोरी, कुशल साहु, त्रिलोक वर्मा, रोशन पटेल, मनीष यादव, आशीष साहु , पूनम राम, देवेन्द्र पटेल, मोरध्वज चंदेल, राजेश्वर वर्मा,शैलेश वर्मा आदि 28 छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में डॉ.अपर्णा तिवारी एवं डॉ. अंशु पैकरा ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें पूछे गए प्रश्नों का उचित समाधान बताया ।रक्तदान शिविर अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से डा. रिंकू सिंह , कौशल प्रसाद तकनीशियन ,दामिनी वर्मा, अनिल यादव , मोरध्वज साहु , सी आर साहु , खैरागढ़ कालेज के समस्त प्रोफेसर स्टाफ एवं कार्यालयीन स्टाफउपस्थित रहे ।

अवैध उत्खनन पर होगी कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिले के सहायक खनि अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, और भण्डारण की पुनरावृत्ति करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही करने के साथ ही दो से पांच वर्ष तक कारावास के दंड की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही पुलिया एवं एनीकट सहित विभिन्न संरचना एवं अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध खनन पर कार्यवाही के साथ ही खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण की स्थिति में पट्टेदार, परिवहनकर्ता और ठेकेदारों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

पोला पर गांव-गांव में बैल दौड़ का आयोजन

बेरला/नवप्रदेश। खेती में योगदान देने वाले बैलों को सम्मान देने के लिए बारगांव में 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ का लोक पर्व पोला पर्व श्रद्धा-उल्लास से मनाया गया। किसान अपने बैलों की पूजा करके छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग अर्पित किया। बच्चों ने मिट्टी के बैल चलाकर मनोरंजन किया। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि यह त्योहार दरअसल कृषि आधारित पर्व है।

वास्तव में इस पर्व का मतलब खेती-किसानी जैसे- निंदाई, रोपाई आदि का कार्य समाप्त हो जाना है। खास तौर पर छत्तीसगढ़ में इस लोक पर्व पर घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी जैसे कई लजीज व्यंजन बनाए जाते हैं। गांव के किसान सुबह से ही बैलों को नहला-धुला कर सजाये, फिर हर घर में उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद घरों में बने पकवान को बैलों को खिलाएं। बच्चों ने मिट्टी और लकड़ी से बने बैल चलाने की भी परंपरा को बहुत अच्छे से निभाया।

किसान के लिए बैल देवतुल्य समान

बैल किसानों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसलिए किसान बैलों को देवतुल्य मान कर उसकी पूजा-अर्चना किया। पहले कई गांवों में इस अवसर पर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता था, लेकिन समय के साथ यह परपंरा समाप्त होने लगी है।

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग

छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार पोला पर्व पर बैलों की पूजा आरती कर ठेठरी, खुरमी, चीला आदि छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाया गया। गांवों में युवतियां मिट्टी का खिलौना पटकने की रस्म भी निभाई गई, इसे पोरा पटकना कहा जाता है।

खूब बिके मिट्टी के बैल

पोला पर्व की पूर्व संध्या से लेकर सुबह तक बाजारों में मिट्टी के बैलों की खूब बिक्री हुई। बच्चों के लिए अभिभावकों ने 40 रुपये से 100 रुपये तक की बैलों की जोड़ी को पसंद किया। बच्चियों के लिए भी रसोई घर में उपयोग किए जाने वाले मिट्टी के बर्तन भी बिके। इनसे बच्चियां भोजन पकाने का खेल खेलकर मनोरंजन किया।

गंज लाइन में बैल दौड़

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पोला पर्व गंज लाइन में धूमधाम से मनाया गया। बाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष बैल दौड़ लखोली नाका चौक से तिरंगा चौक तक आयोजित की गई, जिसमें 9 जोड़ी बैल एवं एकल बल ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी बैलों एवं पशुपालकों को नगद राशि एवं सांत्वना पुरस्कार कृषि औजार बाल समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा दिया गया। बैल दौड़ के पहले ही गंज लाइन में मेले का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया, जिसमें शहरवासियों एवं मोहल्लेवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने चाट, गुपचुप का भरपूर आनंद लिया और विभिन्न प्रकार के झूलों का महिलाओं और बच्चों ने आनंद लेते हुए मेले को सफल बनाया। बाल समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने बाल समाज की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और उपस्थित शहरवासियों सहित पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पवन डागा, संतोष हुंका, कैलाश राठी, नंदू भूतड़ा, पंपी अग्रवाल, रतन गांधी, विकास अग्रवाल, सूर्यकांत जैन, नमन जैन, राजीव जैन, मोहन चुनूरकर, शरद जैन, संतोष हटवार, संजू गायधने, नितेश नत्थानी, अनीश जैन, संजू अग्रवाल, अनिल जैन, रिंकू झांझरी, सागर जैन, रवी जैन सहित सदस्य सक्रिय रहे।

कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संकुल कन्हारपुरी अंतर्गत संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन 12 सितंबर मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्तर के बच्चों द्वारा गणित एवं विज्ञान से संबंधित मॉडल बनाए गए थे। छात्रों के इन मॉडलों ने काफी सराहना बटोरी। शिक्षकों के मार्गदर्शन में उनका प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला स्तर में प्रथम स्थान पर प्राथमिक शाला जंगलेसरर एवं प्राथमिक शाला नवीन जंगलेसरर द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी प्रथम एवं माध्यमिक शाला खैरा द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती संगीता खोब्रागढ़े, संकुल समन्वयक शाकिर खान एवं सभी शाला के प्रभारी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

आय बढ़ाने के लिए मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद एवं अखिल भारतीय मशरूम अनुसंधान परियोजना इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 11 से 13 सितम्बर तक तीन दिवसीय प्रायोगिक मशरूम उत्पादन का तकनीकी प्रशिक्षण 40 हितग्राहियों को प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र लाकपाले द्वारा मशरूम के विभिन्न औषधीय एवं पौष्टिक गुणों की जानकारी विस्तृत रूप से समस्त हितग्राहियों को प्रदाय की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया द्वारा मशरूम में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीटों एवं बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी इस प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। श्री तुषार मिश्रा वैज्ञानिक द्वारा मशरूम की खेती, मशरूम के बीज बनाने की विधि एवं मशरूम उत्पादन में क्या क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए इसकी भी विस्तृत जानकारी हितग्राहियों को प्रदाय की गई। डॉ. शालु अब्राहम एवं डॉ. ईशु साहू द्वारा हितग्राहियों को मशरूम द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद जैसे बड़ी, पापड़, अचार एवं मशरूम पाउडर बनाने की विधि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कुपोषण रहित समाज एवं महिला सशक्तिकरण में मशरूम उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी प्रशिक्षण के माध्यम से समस्त वैज्ञानिकों द्वारा चर्चा परिचर्चा का भी आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के परिसर में किया गया। ग्रामीण अंचलों में आय के अतिरिक्त साधन के रूप में मशरूम उत्पादन की भूमिका के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

शहर दक्षिण ब्लॉक में कांग्रेस ने पाम्पलेट वितरण कर किया प्रचार प्रसार: सूर्यकांत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 15 सितंबर, दिन शुक्रवार को शहर के दक्षिण ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 40 गुरू घासीदास वार्ड में छत्तीसगढ़ शासन की योजना का प्रचार-प्रसार ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में किया गया।

दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री जितेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के कलेंडर योजनाओं की जानकारी बुक एवं पॉम्पलेट का वितरण ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया। घर-घर जाकर ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल की हर वर्ग के सर्वांगीण विकास की योजनाओं से वार्डवासियों को अवगत कराया और निवेदन करते हुए कहा कि राजनांदगांव के विकास को और अधिक गति देने के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का विधायक बनाने का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार उपरांत वार्ड के बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी का जन्मदिन नंदई चौक सतनाम मंदिर के सामने केक काटकर पटाखे फोड़कर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा मनाया गया और उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विष्णु सिन्हा, महामंत्री अनीश जैन, अजय अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, आशीष सोनकर, एल्डरमैन प्रतिमा बंजारे, खिलेश बंजारे, गिरधारी लाल कौशिक, धर्म भाई, दीपक लहरे, राजू टंडन, युवराज जोशी, धर्मदास साहू, उपेन्द्र बंजारे, संतोष, इंद्र कुमार खरे, संतोष भारती सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

नदी में पानी बढ़ने से 200 एकड़ की फसल जलमग्न

बेरला/नवप्रदेश। बेरला ब्लॉक के अंतर्गत बारगांव से मुड़पार खुर्द और बारगांव से बलौदी मार्ग सहित कई गांवों से संपर्क टूट गया है। लिहाजा मालूम हो कि दो दिन से भारी बारिश के कारण खारुन नदी उफान पर है। जिसके चलते 200 एकड़ की फसल जलमग्न हो गया है। मुड़पारखुर्द के किसान देवसिंह पटेल, विजय,

धनसिंह पटेल, रामेश्वर निषाद का कहना है कि बरसात में लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ती है। हर साल बाढ़ से निपटने की योजना बनाई जाती है, लेकिन पिछले 20 सालों से चली आ रही समस्या से निजात दिलाने का कोई इंतजाम नहीं किया जाता। यह समस्या एक दिन की नहीं रहती, बल्कि पूरी बरसात यही हाल रहता है। गांव में जब भी कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी आता है तो गांव वाले उसके सामने हर बार इस समस्या को उठाते हैं, लेकिन यह समस्या जस की तस बनी हुई है। बरसात आने पर जरूर सबका ध्यान इस समस्या की ओर जाता है। कई गांवों का संपर्क कट जाता है।

सोमनी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर जन कल्याण सामाजिक संस्थान, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ग्राम पंचायत सोमनी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम-सोमनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात स्वागत गीत एवं अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। श्रीमती विधिका साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला-सोमनी द्वारा प्रतिवेदन का वाचन किया गया एवं स्कूल की उपलब्धियों के विषय में सभी को जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस डॉ. एस. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था, सन् 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो उनके छात्र 5 सितंबर को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति मांगने के लिए उनके पास पहुंचे, इसके बजाय उन्होंने समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुरोध किया, इसलिए प्रतिवर्ष इस दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक, अध्यक्षता भूषणलाल ठाकुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी-राजनांदगांव, विशेष अतिथि मनोज कुमार नायक, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, प्रवीण कुमार मल एवं महेश कुमार देवांगन, डिप्टी लिगल एंड डिफेंस काउसिंल, राजनांदगांव, अमलेंदु हाजरा, पूर्व लोकपाल एवं अधिवक्ता, अंगेश्वर देशमुख, अध्यक्ष-शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व सदस्य-जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती लता यादव सरपंच सोमनी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं स्टूडेंट्स से मिलता हूं, तो एक अलग फिलिंग होती है।प् सभी के आंखों में एक चमक होती है।

धान के मुद्दे पर केंद्र पर आरोप लगाना बेबुनियाद पिछला टारगेट पूरा नहीं कर पाए : पीयूष गोयल

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार शाम रायपुर पहुंचे। वे रायपुर के मैरियट होटल में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने धान के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार व सीएम पर आरोप लगाया।

पीयूष गोयल ने कहा है कि धान के मुद्दे पर केंद्र पर आरोप लगाना बेबुनियाद है। केंद्र सरकार छल नहीं करती है। भूपेश बघेल को माफी मांगनी चाहिए। वे केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहते हैं। अभी हाल ही में राज्य के खाद्य सचिव ने पत्र लिखकर केंद्र की कमियां गिनाई थी। राज्य सरकार पहले 61 लाख टन धान देने का वादा किया था। अभी तक सिर्फ 53 लाख टन धान मिल पाया है। केंद्र सरकार 100 लाख टन चावल खरीदने को तैयार है। भूपेश सरकार केंद्र पर आरोप लगाते हैं। पिछला टारगेट भी पूरा नहीं कर पाएं और आरोप लगाते है कि केंद्र चावल नहीं ले रही है। किसानों के बायोमेट्रिक पंजीयन के मामले में राज्य सरकार विरोध कर रही है। केंद्र ने पारदर्शिता के लिए यह लागू किया है। लेकिन राज्य सरकार सोची समझी साजिश के तहत बायोमेट्रिक का विरोध कर रहे है। साफ है राज्य सरकार घोटाला करने वाली है। पत्रकारों के महंगाई के सवाल पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि होलसेल प्राइज इंडेक्स निगेटिव है। माइनस में जा चुका है। यूपीए सरकार में सबसे ज्यादा महंगाई थी। मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में आरबीआई में सबसे कम ब्याज दर दिया गया है। भूपेश सरकार झूठ और फरेब पर टिकी है। धान खरीदी की 100 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार देती है। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर पीयूष गोयल ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने वाली है। इससे प्रदेश के किसानों की समस्याओं का अंत होगा।

मुद्दाविहीन भाजपा की डूबती नैय्या बचाने और झूठ बोलने आए थे गोयल : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुद्दाविहीन भाजपा की डूबती नैय्या बचाने और झूठ बोलने आये थे। जिस पीडीएस के चावल की बात पर पियूष गोयल आरोप लगा रहे है केंद्रीय खाद विभाग के अधिकारियों का दल उसकी जांच कर के जा चुका है कोई गड़बड़ी नहीं मिली। राज्य सरकार ने खुद जांच करवाया है, राशन दुकानों के स्तर पर जहां गड़बड़ी पायी गयी वहां पर एफ आईआर भी दर्ज करवाया गया।

देश का सबसे ईमानदार और पारदर्शी राशन वितरण प्रणाली छत्तीसगढ़ की है। जहां बिना आधारकार्ड के किसी का राशन कार्ड नहीं बनाया गया है, हर हितग्राही के राशन कार्ड को आधार से लिंक भी किया गया है। गड़बड़ी चावल वितरण में नहीं भाजपा की नीयत में है ज़ब राज्य में रमन सरकार थी तब 36000 करोड़ का नान घोटाला रमन सिंह उनके परिवार ने किया था इसलिए भाजपा को हर जगह घोटाला ही नजर आता है। पियूष गोयल 86 लाख चावल कि कटौती में भी झूठ बोल कर गए। केंद्रीय खाद्य सचिव ने राज्य के कोटे में कटौती का पत्र भेजा है पूर्व के 86 लाख की स्वीकृति को घटा कर 61 लाख का पत्र भेजा था जिसके संबंध में मुख्यमंत्री ने बढ़ाने के लिए केंद्र को पत्र भी लिखा था। भाजपा बताए कि बायोमीट्रिक सिस्टम की अनिवार्यता क्यों की गयी? भाजपा छत्तीसगढ़ के किसानों की नीयत पर सवाल खड़ा कर रही है। भाजपा नहीं चाहती राज्य के किसान प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचे। भाजपा 125 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी से बौखलाई हुई है। केंद्रीय एजेंसी गलत कार्यवाही से कुछ हासिल नहीं कर पाई तो केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय नेता झूठ परोसने छत्तीसगढ़ आ रहे।

सिटी बस न चला पाने वाले रोक रहे हैं रेल : जितेंद्र

भाजपा शासनकाल में बस्तर ने पहली बार देखी रेल

छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के उन्नयन के लिए मोदी सरकार ने दिए हैं 23 हजार 532 करोड़

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन को कांग्रेस की निरी मूर्खता करार देते हुए कहा कि रेल सुविधा की मांग करने के लिए कांग्रेस ही रेल रोककर जनता को परेशान कर सकती है। जो लोग सिटी बस नहीं चला पा रहे वे रेल के लिए आंदोलन करने चले हैं। भ्रम फैलाना कांग्रेस का राष्ट्रीय चरित्र है। छत्तीसगढ़ में यह काम अब तक भूपेश बघेल कर रहे थे, अब उनके कठपुतली अध्यक्ष दीपक बैज भी इसमें शामिल हो गए। दीपक बैज एक सांसद भी हैं तो उन्हें यह अच्छी तरह ज्ञात है कि छत्तीसगढ़ को मोदी सरकार ने रेलवे सुविधाओं के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ क्या क्या दिया है। रेल सुविधाओं के विकास, विस्तार और संरक्षा के लिए जो काम भारतीय रेल कर रही है, वह जनता की सुविधा के लिए ही है। जनता की सुरक्षा के लिए है। कांग्रेस ने 50 साल में रेलवे को पटरी से उतार कर रखा। यात्री सुविधाओं से वंचित रखा। छत्तीसगढ़ में कई इलाकों में भाजपा की सरकार में ही रेल पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का कायाकल्प हो रहा है। छत्तीसगढ़ को मोदी सरकार ने जितनी रेल सुविधा उपलब्ध कराई है, कांग्रेस दशकों में भी इसकी चौथाई यात्री रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा सकी। कांग्रेस अपने जमाने की रेलों का स्मरण करे और आज की भारतीय रेल को देखे। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए रेलवे क्षेत्र में

इस वित्त वर्ष में 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि 6,008 करोड़ आवंटित किये गये हैं। यह 2009 से 2014 तक के वर्षों के दौरान किए गए आवंटन की तुलना में 19 गुना अधिक है। इसके अलावा, 2014 से लेकर 2022 तक 147 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइनें बिछाई गई और 472 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण भी इस बीच हो चुका है। यानि 2009-2014 में एक भी नई रेल लाइन ना बनने के बाद 2014-22 के बीच हर साल औसतन 18 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइनें बिछाई गई और 2009-14 के औसतन 19 किलोमीटर के मुकाबले 2014-22 के बीच औसतन 59 किलोमीटर लाइन का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण किया गया। दल्लीराजहारा रावघाट नई रेल लाइन, खरसिया- घरमजयगढ़ नई लाइन, बिलासपुर- उरकुरा तीसरी लाइन, दुर्ग-राजनांदगांव तीसरी रेल लाइन, अनूपपुर-बिलासपुर दोहरीकरण, बिलासपुर-झारसुगड़ा तीसरी रेल लाइन और चौथी रेल लाइन और पेंडरा रोड-अनूपपुर तीसरी रेल लाइन जैसी परियोजनाओं का समापन हो चुका है। इसके अतिरिक्त रू. 23,532 करोड़ लागत की 1,214 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने और रू. 4,953 करोड़ की लागत की 651 किलोमीटर लंबी लाइनों का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण करने की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों की मिली मंजूरी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भिलाई के हृदय स्थल में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण कर भवन को नया स्वरूप प्रदान दिया जायेगा एवं सुविधाओं का विस्तार तथा पार्किंग, उद्यान व्यवस्थित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य 20 प्रस्ताव को महापौर परिषद् ने दी स्वीकृति । महापौर परिषद् की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आहुत किया गया। परिषद् के समक्ष 21 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये जिसमें सुपेला में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल भवन का प्रथम चरण में नगर निगम भिलाई तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित कर उद्यान का निर्माण अस्पताल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण, वर्तमान वार्ड का विस्तारीकरण, फाल सिंलिग

कार्य के साथ वार्ड में लगे बेड को बदल कर नया किया जाएगा। अस्पताल के नये स्वरूप में लिफ्ट की व्यवस्था भी किया जाएगा ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों में घूमन्तू मवेशी की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है और मवेशियों को गौठान में रखा जाता है जिसे छूड़ाने के लिए निर्धारित अर्थदण्ड में वृद्धि करते हुए प्रथम बार 2 हजार, द्वितीय 3000 तथा तृतीय और अंतिम बार 5000 रूपये लिए जाने और उसके बाद एफआई.आर दर्ज कराने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से उत्सर्जित कार्बन की गणना कर निगम को आर्थिक लाभ के लिए कार्बन क्रेडिट कार्य को स्वीकृति प्रदान दी गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अवकाश नगदी करण एवं एरियर्स के लंबित राशि का भुगतान निगम कोष के संचित निधि की राशि में किये जाने, भिलाई में कार्यपलान अभियंता के अतिरिक्त पद की स्वीकृति, समयपाल अथवा कार्य सहायक ग्रेड 2 में कार्यरत् कर्मचारियों को उपअभियंता के पद पर पदोन्नति किये जाने हेतु भर्ती नियम में संशोधन तथा योग्यता में छूट प्रदान करने व भिलाई निगम में उपअभियंता के पद पर संविलियन हेतु छ.ग. शासन को पत्र प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव निगम की सम्मपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, स्वीपिंग मशीन क्रय, डबरापारा चौक में निर्माणाधीन वेंडिग जोन में व्यवस्थापन, वार्ड 4 नेहरू नगर में समता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड 37 (पुराना वार्ड) शिवालय में डोम शेड निर्माण, जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में 3 नग महिला पिंक टॉयलेट का निर्माण, छावनी उच्चस्तरीय पानी टंकी से 1.5 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट तक मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य आदि।

विधायक ने नशा मुक्ति परामर्श केंद्र का किया शुम्भारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग कसारीडीह के घासीदास नगर के सतनाम भवन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर और रिसर्च आर्गेनाईजेशन जिला दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति परामर्श केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक अरुण वोरा थे। विधायक ने कहा कि नशा एक शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक व सामाजिक समस्या है और जब व्यक्ति नशे की गिरफ्त में आ जाता है, तब वह चाह कर भी नशे की गिरफ्त से बाहर नहीं आ पाता. जिसके कारण परिवार के महिलाओं और बच्चों को घरेलू

हिंसा, आर्थिक समस्या व अन्य समस्याओ का सामना करना पड़ता हैं। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी व कल्याणी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में लोकहित में जो कार्य किया जा रहा हैं. वह नशामुक्त समाज के निर्माण में सराहनीय पहल है. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दुर्ग कसारीडीह के पार्षद प्रकाश जोशी ने कहा कि हमें प्रतिदिन एक व्यक्ति को नशामुक्त करने का संकल्प लेकर इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना चाहिए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दुर्ग की संचालिका राजयोगिनी शोभा बहन जी के मार्गदर्शन में उपस्थित अर्चना बहन द्वारा बताया गया कि हमारा मन बहुत ही चंचल है।

प्रदीप कुमार को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार आज 15 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पदस्थ सउनि (अ) प्रदीप कुमार देशमुख को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त होने पर स्टार लगाकर उप निरीक्षक (अ) के पद पदोन्नत किया गया तथा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक (अ) को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख के पद पर पदोन्नति के साथ साथ उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई हैं, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी के द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त उप निरीक्षक (अ) को शुभकामनायें देते हुए आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु कहा गया।

रावतपुरा सरकार विवि में मनाया गया अभियंता दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 15 सितंबर को अभियंता दिवस के अवसर पर (इंजीनियर्स दिवस) कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुलाधिपति अनंत विभूषित रविशंकर महाराज ने अपनी कृपामयी उपस्थिति दी और उन्होंने भारतरत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई और संस्कृतिक लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के

रूप में तालिब ख्वाजा सेवानिवृत्त कार्यकारी निर्देशक आई.ओ.सी.एल. एवं मनोज कुमार वर्मा अधिक्षण अभियंता रायपुर शहर वृत्त एवं महासचिव राज्य विद्युत अभियंता संघ उपस्थित हुए।

18 पौवा शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी देवानंद साहू पिता सरजू राम साहू उम्र 32 साल साकिन भिंभौरी पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं।

आम सूचना

(ग्राम पाउवाटा, तह. दुर्ग स्थित खसरा नं. 818/3 टंकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि बाबत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार मोहम्मद यूसुफ अली पिता श्री जमाल अहमद निवासी म.नं. 225 वार्ड नं. 41, कसाटीडीह, केलाबाड़ी, दुर्ग, जिला दुर्ग छ.ग. ने ग्राम पाउवारा तह. दुर्ग स्थित खसरा नं. 618/3 रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि को राजेश कुमार साहू पिता शिव कुमार साहू ग्राम पाउवाटा, तह. दुर्ग के स्वामित्व की ग्राम पाउवाटा, तह. दुर्ग से क्रय कर टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व संबंधी वाद विवाद किसी भी शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, बैंक, संस्था, व्यक्ति, वित्तीय संस्थान के पास बंधक हो, और अन्य किसी प्रकार के अनुबंध, भार, बंधक, दान, स्त्रीधन, वारिसान या उत्तराधिकारी या कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सप्रमाण उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। 07 दिवस की अवधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति को अपने पक्ष में विक्रय पत्र के माध्यम से अपनी नाम पर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी प्रकार की बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन स्वयं के पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संजीव तिवारी
अधिवक्ता
सूर्योदय नगर, खण्डेलवाल कालोनी,
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं.202309100400202/
अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लालिमा राठी आ./पति कमल किशोर राठी निवासी तालुपरी भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 37 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 1208/7 रकबा 0.0164 हे. 1760 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202308104500010

मामले की श्रेणी-राजस्व विषय अ-6 सन-2022-23
मुड़पार (प.ह.न. 00023),

पक्षकारों का विवरण –

आवेदक पक्षकार गोपेन्द्र चंद्रकांता चंद्रहास, संदीप कुमार, धनेश कुमार, सीपेश मिश्रा, प्रकाश सौरभ मिश्रा, आशीष मिश्रा हेमेन्द्र, रश्मि मिश्रा वीरेन्द्र कुमार उषा मिश्रा, आकाश मिश्रा,

अनावेदक पक्षकार आशीष मिश्रा हेमेन्द्र सौरभ मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार, उषा मिश्रा, आकाश मिश्रा, रश्मि मिश्रा, प्रकाश, सीपेश मिश्रा गोपेन्द्र, चंद्रकांता, चंद्रहास, दुर्गा, धनेश कुमार, संदीप कुमार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मुड़पार प.ह. नं. 23 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गोपेन्द्र मिश्रा पिता गिरवर प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम रायपुर द्वारा ग्राम मुड़पार ह. नं. 23 स्थित अपने नाम पर दर्ज संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 246/1 302/1, 249/1. 244/1 339/1 रकबा क्रमशः 0.04, 0.15, 0.09, 0.20, 0.35 हे. में दर्ज खातेदार दुर्गा पति महेश का फौत होने से उनके नाम को विलोपित कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतुप्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः आवेदक गोपेन्द्र मिश्रा पिता गिरवर प्रसाद द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोकतानुसार फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 29.09.2023 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/09/2023 को जारी किया जाता है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील पाटन

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदिका बालीता देवी निवासी पित्री/पति धर्मेन्द्र यादव ग्राम रुआबाधा बस्ती तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 1268/34 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता दिनेश सोनी पिता सी.एस. सोनी निवासी ग्राम ऋषण ग्रीम सिटी पुलगांव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31.3.2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किय गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 29/09/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.9.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 13.9.2023
सुनवाई दिनांक 29.9.2023

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसीलदुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106408092023052

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मला आहूजा पिता/पति स्व. एस. आर. आहूजा पता- ब्लाक नं.- 12 रूमनं. 6 क्वा. नं.-15/बीसेक्टर- 02 वार्डनं.- 39 भिलाई तहसील जिला दुर्ग, रश्मि आहूजा पिता/पति स्व. एस. आर. आहूजा पता ब्लाक नं.- 12 रुम नं. 6 क्वा..नं. 15/बी सेक्टर- 02 वार्ड नं.- 39 भिलाई तहसील जिला दुर्ग, राखीखन्ना पिता/पति स्व. एस.आर. आहूजा बिलासपुर तहसील जिला बिलासपुर, रानूसिंग पिता/पति स्व. एस. आर. आहूजा पता-म.नं.-606/17 कादम्बरी गर दुर्ग तहसील जिला दुर्ग, रितेश आहूजा पिता/पति स्व. एस. आर. आहूजा पता-ब्लाक नं.- 12 रूम नं. 6 क्वा.नं.- 15/बी सेक्टर- 02 वार्ड नं.- 39 भिलाई तहसील जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 323/1/19 (0.0028) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अमृता सिंह पिता/पति - शशिकांत सिंह पता- प्लाटनं.- 1 स्ट्रीट नं.- 5/ई प्रगति नगररिसाली भिलाई तहसील जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/10/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2023 को जारी किया जाता है।

सील

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार क्रेता ने विक्रेतागण शनधीर जंग जोहल पि.स्व. धनजीत सिंह, मनधीर जंग जोहल पिता स्व.धनजीत सिंह, अमरजीत कौर ध.प.स्व. धनजीत सिंह, मौजा दुर्ग प.ह.नं.19, रा.नि.मं. दुर्ग तह.व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1367/40, 1368 / 45 रकबा 0.002 हे. एवं ख.नं. 1367/41, 1368/47 रकबा 0.007 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर उक्त भूमि का ब्याना की राशि विक्रेतागण को प्रदान कर दिया गया है केवल बैनामा रजिस्ट्री की कार्यवाही शेष है उक्त भूमि से संबंधित किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक या सोसायटी को किसी भी प्रकार से कोई दावा आपत्ति करना हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में संपर्क करें, समयावधि पश्चात् किया गया आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा एवं मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा रजिस्ट्री कर दिया जावेगा ।

सो सूचना जानें।

स्थान - दुर्ग
दिनांक- 15.09.2023

एन. आर. साहू
एडवोकेट
हाई कोर्ट दुर्ग (छ.ग.)
मो- 70000-85648

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202309100900027
अ-6-अ वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम असोगा चुलगहन प.ह.नं. 41 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल पिता आरती राम अन्य निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदकगण के नाम पर दर्ज ग्राम असोगा प.ह.नं. 41 खसरा नंबर 1209 रकबा 0.29 हे. दर्ज है जो कि भूमि वर्तमान में खसरा नंबर 1209/1, 1209 /2, 1209/3, 1209/4, 1209/5 रकबा 0.01 0.01 0.01 0.01 0.01 हे. दर्ज है जो कि त्रुटि पूर्ण है नक्शा त्रुटि सुधार बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक प्रेमलाल पिता आरती राम अन्य निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार नक्शा में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.09.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.09.2023 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 6087/ दिनांक 15.09.2023

वार्ड का नाम- 2-पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802H00984 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BRILAL PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RUKMANI DEVI PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती MRITYU PREMAN PATRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 6095/ रायपुर, दिनांक 15.09.2023

वार्ड का नाम- 2-पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802K00073 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BHARAT RAM DHRUW पिता/पति श्री/श्रीमती SONU RAM DHRUW के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHASHI MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती MANISH KUMAR MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 6093/ रायपुर, दिनांक 15.09.2023

वार्ड का नाम- 2-पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802J00118 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SACHIN CHOPKAR S/O NAMDEV CHOPKAR, NAMDEC CHOPKAR, S/O TIKARAM CHOPKAR पिता/पति श्री/श्रीमती SACHIN CHOPKAR S/O NAMDEV CHOPKAR, NAMDEV CHOPKAR S/O TIKAMAR CHOPKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती R.K. MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती KESHAR LAL MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- रायपुर (छ.ग.)

ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-405

क्रमांक 2900/निविदा/ग्रा.या. सेवा/2023-24 — रायपुर, दिनांक 13/09/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 निविदा दर से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 29/09/2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	फार्म फीस	सिस्टम टेण्डर नंबर
01 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शा.न.प्रा.शा. भाठापारा कुरूद, वि.खं. आरंग ।	4.296	4300	750	147345
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य खरोरा, वि.खं. तिल्दा।	6.153	4700	750	147346
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य तिल्दा।	21.953	16500	750	147347
Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub division - Arang, Distt.-Raipur (C.G.)	35.00	26300	1500	147349
Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs.10.00 lacs) at Sub division-Tilda, Distt.- Raipur (C.G.)	35.00	26300	1500	147350
Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub division-Dharsiwa, Distt. Raipur (C.G.)	35.00	26300	1500	147351

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 13/09/2023 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 04/10 /2023 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा. यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता,
जी-05335/2 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायपुर

भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दे रही नई पहचान : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर के पिकरी एवं सिंघौरी में आयोजित पोला महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। नांदिया बैला की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की निरंतर उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तीजा पोरा तिहार हमारी छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार में से एक हैं, राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने तीज त्यौहारों जैसे तीजा, हरेली, कर्मा जयंती में शासकीय अवकाश घोषित कर लोगों को बड़ी सौगात दी है, इससे कामकाजी महिलाएं भी तीजा जैसे त्यौहार में अपने मायके में रहकर मना रही हैं। आज के वर्तमान परिवेश में जगह-जगह तीजा पोरा मिलन के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, यह देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है कि हम अपनी गौरवशाली परंपरा और संस्कृति से आज भी जुड़े हुए हैं और उसे आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी हैं तभी से ही प्रदेश के युवाओं को माटी एवं संस्कृति से जुड़ने का एवं गौरवशाली परंपरा को करीब से जानने का अवसर प्राप्त हुआ हैं। पूर्ववर्ती सरकारों में लगातार छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों एवं लोक कलाकारों एवं परंपरा की उपेक्षा की गई, किन्तु अब हरेली, तीजा, पोरा जैसे त्योहार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश भर में मनाए जाते हैं। कभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में फ़िल्म इंडस्ट्री से कलाकार बुलाए जाते थे, पर अब छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों को अवसर मिलता हैं। विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित

होते हैं, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाले पोरा तिहार का अपना महत्व हैं। कृषि प्रधान देश में धान का कटोरा कहलाने वाले प्रदेश में बैलों की जोड़ी से बने खिलौने बच्चों को भी पशुधन के महत्व को सहजता से समझाते हैं। पोरा तिहार में हमारे बैलों की मुख्य भूमिका होती हैं, दरअसल हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश पूर्ण रूप से कृषि प्रधान राज्य हैं, जहां किसान साथी साल भर खेती करता हैं। बैल खेती का मुख्य साधन जो खेतों में जुताई से लेकर, खेतों के सम्पूर्ण कार्य में अपनी मुख्य भूमिका निभाते हैं, किसान साथी अपने बैलों के प्रति समर्पण का भाव व्यक्त करने के लिए व सम्मान देने के लिए इस पर्व में बैलो को सुबह-सुबह नहला धुला कर बैलों का साज श्रृंगार कर पूजा अर्चना करता हैं। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर हैं, छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी हैं। प्रदेश में जब से यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से प्रदेश की खुशहाली, एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पूरे विश्व में प्रसिद्ध हमारे भारत की सस्कृति हैं। देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति की अलग ही पहचान हैं। इस अवसर पर शकुन्तला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मनोज शर्मा, ललित विश्वकर्मा, रश्मि मिश्रा, मिथलेश वर्मा, आशीष ठाकुर, रेहाना रवानी, जया साहू, जनता साहू, कन्हैया वर्मा, जयप्रकाश साहू, रीता पाण्डे, देवशरण गोसाई, बहल वर्मा, ऋषि गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, लक्ष्मी डेहरे, इतवारी वर्मा, यासिफ खान, गुरेंद्र वर्मा, जितेंद्र ढीमर, इंदु सजूला, रूबी सलूजा, सुरेन्द्र वर्मा, गोलू वर्मा, कुमार वर्मा, भानु साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें।

नपा ठेकेदार की बनाई नाली बनते ही गिर गई

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य देखने ना तो पालिका अधिकारी जाते हैं और ना ही संबंधित इंजीनियर,जिसके कारण संबंधित निर्माण ठेकेदार इतनी घटिया सामग्री का इस्तमाल करते है की उनकी निर्माणाधीन पुलिया निर्माण के दो घंटे के भीतर ही गिर जाती है,वार्ड के पार्षद प्रतनिधियो ने उक्त आरोप लगाते हुए इस पूरे मामले में आपसी बंदर बाट की शिकायत की है। बताया जाता है की नगरपालिका कार्यालय के ठीक पीछे ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में नाली के ऊपर बनाया गया पुल निर्माण कार्य को महज दो घंटा भी नहीं बिता कि भरभरा कर गिर गया ।वार्ड वासी भी इस घटिया निर्माण काम को देखकर आश्चर्यचकित है उनका आरोप है की इस छोटे से निर्माण कार्य में ये हाल है तो बड़े निर्माण कार्य में कैसे विश्वास करें कि निर्माण कार्य मापदंड के अनुरूप होता होगा।

निधन

गोवर्धन दास अग्रवाल

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवम समाजसेवी गोवर्धन दास अग्रवाल का शुक्रवार की प्रातः निधन हो गया है।वे गोविंद ,द्वारिका, सुरेश और नरेश अग्रवाल के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा महासती मंदिर के सामने गली से दोपहर में मारवाड़ी शमशान घाट के लिऐ निकली, जहा गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सोनी कृष्णा यदु

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय राम सागर पारा निवासी पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष एवम कांग्रेस नेता रमेश यदु की धर्म पत्नी श्रीमती सोनी कृष्णा यदु (शिक्षिका)का अकस्मात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रामसागर पारा स्थित मारवाडी मुक्ति धाम में किया गया,जिसमे काफी संख्या में सामाजिक, राजनेतिक, पारिवारिक लोग शामिल हुए।

प्रथम पेज का शेष..

मोहब्बत की दुकान ...

ये हमें देखने मिला। सभा में जेपी नड्डा ने कहा कि, दिलीप सिंह जूदेव महान समाज सुधारक थे। मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। धर्मांतरण के खिलाफ घर वापसी अभियान उन्होंने चलाया। 2003 चुनाव में याद है, उन्होंने कहा था कि भ्रष्ट कांग्रेस की सरकार को नेस्तूनाबूत कर दो मैं अपनी मूंछ को दांव पर नगाता हूं ऐसे दिलीप सिंह जूदेव थे। वो जहां भी होंगे उनकी एक ही तमन्ना होगी कि भाजपा भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़कर फेंके, यही उनकी आत्मा चाहती है। जूदेव की कही बातों को पूरा करने का समय आ गया है। परिवर्तन यात्रा सफल होकर रहेगी।

पेपर लीक मामले ...

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के युवा एवं ऊर्जावान कर्मठ भाजपा नेता विजय कुमार गंजीर इस बार संजारी बालोद से भाजपा प्रत्याशी बनने के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। विजय कुमार समाजिक कार्यों के साथ-साथ जनसेवा में निरंतर रूप से अपनी सहभागीता निभाते आ रहे हैं। वे जिले में समस्त कार्य कर्ताओं के अच्छा तालमेल व बेहतर समन्वय बैठाने में माहिर है। भाजपा पार्टी के प्रदेश में हर छोटे बड़े कार्यक्रमों में उपस्थित होने के साथ पार्टी के प्रचार-प्रसार में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। वे 1997 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े है। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी से प्रेरित हैं। भाजपा जनता पार्टी के जुड़कर वर्ष 2005 से 2010 तक ग्राम पंचायत मोखा में पंच के पद पर निर्वाचित हुए थे। तब से लेकर अब तक वे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में जिले में लगातार काम कर रहे हैं। श्री गंजीर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 में जनपद सदस्य के पद पर 2021 से पदस्थ है साथ ही पार्टी के लिए नियमित रूप से अपना समय निकालकर क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर केन्द्र सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार भी कर रहें है। क्षेत्र में विजय कुमार गंजिर का नाम हर कोई जानता है क्योंकि वे सामाजिक कार्यों से लेकर पार्टी कार्यक्रमों में हुए चर्चा और पार्टी के प्रचार-प्रसार संबंधी जानकारी अपने क्षेत्र में विभिन्न रूपों से फैलाते है। बताया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी उनको संजारी बालोद से भाजपा प्रत्याशी के रूप में घोषणा कर सकती है।

'दुष्प्रचार' के लिए 'छत्तीसगढ़वासियों' से भूपेश माफी कब मांगेंगे : बीजेपी

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं के प्रोजेक्ट लॉन्च करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायगढ़ पहुंचे थे। सरकारी कार्यक्रम और आम सभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री तो लौट चुके हैं, मगर इस कार्यक्रम के बाद अब सियासी माहौल गरमा गया है। दरअसल, इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की तरफ से उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव मौजूद थे। मंच पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर दी। यह भी कह दिया कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ की राज्य की सरकार के साथ कोई भेदभाव नहीं करती। उनके इस बयान को लेकर अब बीजेपी भूपेश बघेल को निशाना बना रही है। बीजेपी का आरोप है कि बार-बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे में बीजेपी ने अपने ट्विटर पर एक बार फि र लिखा, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने हमेशा राज्य सरकार की मांग पूरी की। केंद्र सरकार से कभी भेदभाव महसूस नहीं हुआ। ये छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से कहा है। अब बताओ भूपेश बघेल जी केंद्र सरकार के लिए अपने द्वारा किए गए दुष्प्रचार के लिए छत्तीसगढ़वासियों से माफी कब मांगोगे?

भाजपा ने छत्तीसगढ़ महतारी का किया अपमान : सुशील आनंद

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर से भाजपा की तथाकथित परिवर्तन यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा के लिये बनाये गये परिवर्तन रथ में छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र सीढ़ी के नीचे लगाया था जिस पर लोग चढ़कर रथ के ऊपर जायेंगे, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को रौंदते हुये लोग भाजपा के परिवर्तन रथ पर चढ़ेंगे। यह भाजपा का छत्तीसगढ़ विरोधी मानसिकता है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा छत्तीसगढ़ महतारी के वैभव को देश दुनिया में प्रचारित करने के बाद अपना राजनैतिक वजूद बचाने के लिये भाजपा ने अपने मंच और कार्यक्रमों में दिखावे के लिये छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र लगाना भले शुरू कर दिया लेकिन भाजपा के दिल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी के लिये सम्मान का भाव नहीं आया है।

15 सालों तक छत्तीसगढ़ की अस्मिता तीज-त्योहार, खान-पान यहां तक की माता कौशल्या और भगवान राम को भूला देने वाली भाजपा कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ की परंपराओं को मानने का दिखावा तो कर रही लेकिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति के प्रति उसका दुराव अभी खत्म नहीं है। जिस रथ को राजधानी रायपुर में भाजपा के बड़े नेताओं ने पूजा कर रवाना किया जिस रथ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चढ़े क्या किसी की निगाह में छत्तीसगढ़ महतारी का यह अपमान नहीं दिखा। किसी ने भी आपत्ति क्यों नहीं किया? जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ महतारी के अपमान के लिये छत्तीसगढ़ की जनता और छत्तीसगढ़ महतारी से माफी मांगे।

छत्तीसगढ़ में फिर झूठ बोल गए पीएम मोदी : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दिए बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सासंद दीपक बैज ने कहा कि जी-20 पर पीएम मोदी फिर झूठ बोल गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में दावा किया कि नवा रायपुर में जी-20 की भव्य मीटिंग हुई। छत्तीसगढ़ की खान-पान, संस्कृति की दुनियाभर में धूम मची। छत्तीसगढ़ की आवभगत की सराहना हुई, जबकि हकीकत में छत्तीसगढ़ में जी-20 की कोई बैठक अभी तक हुई ही नहीं है। छत्तीसगढ़ में 18-19 सितंबर को जी-20 की बैठक होगी। प्रधानमंत्री अपने बड़बोलेपन से अपनी जग हंसाई करवा गए। अपनी आदत के अनुसार जी-20 पर भी झूठ बोले। प्रधानमंत्री के दौरे से राज्य के लोगों को निराशा हुई। प्रधानमंत्री सिर्फ भाजपा की चुनावी संभावनाओं को तलाशने आये थ, लेकिन उनकी सभाएं नदारद भीड़ यह बताने के लिये पर्याप्त था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री को और भाजपा दोनों को नकार दिया। भाजपा ने दावा किया था प्रधानमंत्री की सभा में 1 लाख लोग आएंगे, लेकिन पूरी ताकत लगाने के बाद मोदी की सभा में 10 हजार लोग भी एकत्रित नहीं हुए। पंडाल खाली थे इसीलिये भाजपा ने एक बार मोदी की सभा को रद्द करने की योजना भी बना लिया था।

प्रधानमंत्री बेरोजगारी, महंगाई पर मौन क्यों : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अजय गंगवानी ने कहा कि झूठ बोलना, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार करना और झांसा देना भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र और डीएनए रहा है। केंद्र की मोदी सरकार देश की आम जनता को लगातार झूठे वादे का झांसा देकर सरकार बनाने में सफल रहे, परंतु काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, अब देश की आम जनता यह बहुत अच्छे से समझ चुकी है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए इनके घोषणा पत्र के वादे सिर्फऔर सिर्फ जुमले हैं। यह बात इनके केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह स्वयं स्वीकार कर चुके हैं। लगातार बड़े-बड़े वादे और जुमले भाजपा के फर्जी और झूठे घोषणा पत्र में शामिल रहे, 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा केंद्र की मोदी सरकार ने देश के आम जनता और महिलाओं से किया परंतु किया ठीक उल्टा पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 258 प्रतिशत बढ़ा दी और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 820 प्रतिशत बढ़ाकर देश की आम जनता की जेब से पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी के रूप में 30 लाख करोड रुपए की डकैती डाली, जिसका नतीजा है कि पेट्रोल 100 के पार, रसोई गैस जो यूपीए सरकार के समय 400 रू. मिलता था वर्तमान कीमत 1100 से पार, खाने का तेल 200 के पार, दूध दही पनीर आटे पर पहली बार देश में जीएसटी लगाई गई, देश की घरेलू महिला का किचन का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है।

'मेरी लड़ाई सिर्फ और सिर्फ गरीबी' के खिलाफ : अमित जोगी

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनावी शंखनाद हो चुका है। जहां बीजेपी- कांग्रेस अपनी रणनीति बनाने में लगी हैं। वहीं छत्तीसगढ़ जोगी जनता कांग्रेस ने भी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसमें 10 वादे शामिल हैं। जोगी कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में यदि हमारी सरकार बनती है तो मै 5 सालों में इन वादों को पूरा करूंगा। अमित जोगी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, मेरी लड़ाई न भाजपा के खिलाफ है और न ही कांग्रेस के खिलाफ है। मेरी लड़ाई सिर्फऔर सिर्फ गरीबी के खिलाफ है। यदि सरकार बनती है तो प्रदेश से गरीबी को खत्म करूंगा। पिछले 23 साल में यदि बस्तर को कुछ मिला है तो वो सिर्फ नगरनार स्टील प्लांट। अभी प्लांट पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है, फिर भी कांग्रेस और भाजपा दोनों मिलकर इसे निजी हाथों में बेचने की साजिश रच रहे हैं। अमित जोगी ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी पत तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियों दिल्ली से चलती हैं। इनके नेता छत्तीसगढ़ को सिर्फ अपना एटीएम समझते हैं। अब छत्तीसगढ़ में दिल्ली वाली सरकार नहीं चलेगी। अमित का कहना है कि, पहले बहुत अटकलें चली थी कि हम हमारा कांग्रेस और भाजपा में विलय होने वाला है। पर ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।

ईडी को भेजकर गलत कार्रवाई करवाते हैं फिर लगाते हैं पीएम आरोप : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों को कांग्रेस ने खारिज किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा राजनैतिक दुर्भावना वश कांग्रेस सरकार पर गलत आरोप लगाया। कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के एक रूपया का भी प्रमाणित आरोप नहीं लगा पाने वाली भाजपा के प्रधानमंत्री ने झूठ बोला। पहले ईडी को भेजकर गलत कार्यवाही करवाया फि र उसी आधार पर सरकार को बदनाम करने आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री की ईडी छत्तीसगढ़ की गली-गली घूम रही है। ईडी अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा कर राजनैतिक आधार पर कार्यवाही कर रही उसके बाद भी ईडी छत्तीसगढ़ में सरकार के कुछ भी हासिल नहीं कर पाई, सिवाय षडयंत्र और झूठी पटकथा के। अभी तक ईडी की जिस झूठी पटकथा को भाजपा के छत्तीसगढ़ के नेता पढ़ते थे दुर्भाग्यजनक है प्रधानमंत्री भी अपनी गरिमा को गिराकर उसी झूठी पटकथा को पढ़ गये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री रमन सरकार के एक लाख करोड़ के भ्रष्टाचार पर मौन रहे। छत्तीसगढ़ में रमन राज में 36000 करोड के नान घोटाला, अगस्ता और पनामा घोटाला, डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ता हीन एक्सप्रेसवे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला, 6000 करोड़ का चिटफंड घोटाला रमन के 4700 करोड़ के शराब घोटाला, 1667 करोड़ के गौशाला घोटाला सहित एक लाख करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार के आरोप रमन सिंह पर है लेकिन केवल भाजपा नेता होने के कारण रमन सिंह को मोदी सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

छग में भी भाजपा की हार का सेहरा नड्डा के सिर बंधेगा : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ में अपने नेता मोदी के समान बड़बोलापन दिखा कर गये। उनके पास मोदी सरकार के कामों पर बोलने को कुछ नहीं था। चंद्रयान, जी-20 पर ऐसी बातें कर रहे थे जैसे यह भारत की नहीं भाजपा की उपलब्धि हो, हर साल दो करोड़ रोजगार, किसानों की आय दुगुनी, 100 दिन में महंगाई कम, नोटबंदी, जीएसटी जैसे मुद्दों पर जनता के सवालों का भाजपा अध्यक्ष के पास कोई जवाब नहीं था। छत्तीसगढ़ के साथ केंद्र द्वारा किये जा रहे भेदभाव चावल में कटौती, बारदाना में कटौती, 7 लाख प्रधानमंत्री आवास की प्रतीक्षा सूची पर भाजपा अध्यक्ष ने कुछ नहीं बोलकर भाजपा के छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र को उजागर किया। बैज ने कहा कि जिस दिलीप सिंह जूदेव को भाजपा ने जीते जी भुला दिया। जो दिलीप सिंह जूदेव रमन राज के प्रशासनिक अराजकता के शिकार थे। जेपी नड्डा चुनावी लाभ लेने के लिये उनका स्मरण कर रहे थे। जिन पहाड़ी कोरवाओं की भाजपा ने 15 साल उपेक्षा की भाजपा उनका अपने मंच पर बुलाकर राजनैतिक उपयोग करने की कुचेष्ठा कर रही थी।

टीएस सिंहदेव ने 'मुख्यमंत्री और कांग्रेस' का झूठ किया बेनकाब : राजेश मूणत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर कांग्रेस अफ वाह फैला रही थी, मोदी जी के उसी दौरे में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस का झूठ बेनकाब करते हुए कहा है कि मोदी जी ने छत्तीसगढ़ को बहुत कुछ दिया है, दे रहे हैं और भरोसा है कि आगे भी देते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने सबके सामने स्पष्ट किया है कि मोदी जी ने कभी भेदभाव नहीं किया। इससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को छोड़कर पूरी कांग्रेस झूठ बोलती है कि छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव हो रहा है। राज्य शासन की ओर से उप मुख्यमंत्री के कबूलनामे से सत्य सामने आ गया है कि भूपेश बघेल झूठ का निर्माण करते हैं और कांग्रेसियों को उस झूठ का सेल्समैन बना दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि भ्रष्टाचार के दलदल में सिर से पैर तक लिपटी कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की जनता खरपतवार की तरह उखाड़ कर फेंकने तत्पर है तो कांग्रेस अब झूठ की दुकान चला रही है। अब इस दुकान पर भी ताला लगने वाला है। ये वही उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में जन घोषणा पत्र बनाकर कांग्रेस सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और फिर एक साल पहले श्री सिंहदेव ने ही प्रदेश सरकार के एक मंत्रालय से यह कहकर इस्तीफा दिया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना की जिन मांगों को लेकर जनघोषणा पत्र बनाया गया था, उसकी पूर्ति नहीं कर पाने के कारण वह इस पद पर नहीं रह सकते।

श्रीलंका ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर, फाइनल में बनाई जगह

श्रीलंका ने पाकिस्तान को एशिया कप में 2 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान आखिरी 2 गेंद पर 6 रन नहीं बचा सका, हार के बाद टीम के कप्तान बाबर आजम निराश नजर आए। उन्होंने अपने माथे पर हाथ रख लिया। मोहम्मद हारिस ने बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा।श्रीलंका के कुसल परेरा डायरेक्ट हिट से रन आउट हुए। वहीं महीश तीक्षणा ने इंजर्ड होने के बावजूद अपनी टीम के लिए अहम 3 ओवर बॉलिंग की। पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद श्रीलंका के रिव्यू नहीं लेने के कारण आउट होने से बच गए। 35वें ओवर की छठी बॉल स्पिनर महीश तीक्षणा ने गुड लेंथ पर मिडिल स्टंप की ओर फेंकी। बॉल सीधे इफ्तिखार के पैड्स पर लगी। तीक्षणा ने अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉट आउट करार दे दिया। तीक्षणा ने अपने कप्तान दसुन शनाका से रिव्यू लेने के लिए कहा, लेकिन शनाका ने मना कर दिया।ओवर खत्म होने के बाद रीप्ले में दिखा कि बॉल सीधे लेग स्टंप को लग रही थी। अगर श्रीलंका टीम रिव्यू ले लेती तो इफ्तिखार को पवेलियन लौटना पड़ता।

श्रीलंका के विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा। 42वें ओवर की दूसरी बॉल प्रमोद मदुशन ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। शादाब खान ने बल्ला घूमाया, लेकिन बॉल विकेटकीपर की तरफ चली गई। यहां मेंडिस ने अपने दाएं तरह हवा में जम्प किया और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया।श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा ने इंजर्ड होने के बावजूद अपनी टीम लिए अहम 3 ओवर बॉलिंग की। पारी के 34वें ओवर में तीक्षणा अपने स्पेल का 7वां ओवर ले कर आए। चौथी बॉल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी। इफ्तिखार अहमद ने सामने की ओर शॉट मारा, जिसे तीक्षणा ने डाइव मारकर सिंगल जाने से बचा लिया। लेकिन इस बॉल पर तीक्षणा अपने घुटने को इंजर्ड करा बैठे, चोट के बावजूद उन्होंने ओवर की बाकी 2 गेंदें फेंकी।ओवर के बाद तीक्षणा मैदान से बाहर चले गए, उन्होंने फिजियो से खुद को चेक करवाया और फिर मैदान में बॉलिंग करने के लिए आ गए। तीक्षणा को चलने में परेशानी हो रही थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने स्पेल का 8वां और 9वां ओवर फेंका। श्रीलंका को आखिरी 12 गेंदों पर 12 रन की जरूरत थी, टीम के 5 विकेट बाकी थे। यहां शाहीन शाह अफरीदी ने 2 गेंदों पर 2 विकेट लेकर अपनी टीम का दबदबा बढ़ा दिया। अफरीदी ने 41वें ओवर में 4 ही रन दिए और धनंजय डी सिल्वा और दुनिथ वेल्लालागे के अहम विकेट ले लिए। श्रीलंका को आखिरी 2 गेंदों पर 6 रन की जरूरत थी, लेकिन पाकिस्तान के गेंदबाज जमान खान इसे डिफेंड नहीं कर सके। हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम निराश नजर आए। उनकी टीम पिछली बार रनर-अप रही थी, लेकिन इस बार सुपर-4 स्टेज से ही बाहर हो गई। टीम को इस बार श्रीलंका के अलावा भारत से भी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एशिया कप में 2 जीत बांग्लादेश और नेपाल के खिलाफ ही मिल सकी।

वनडे में 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने रोहित

कोलंबो। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने नाम एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 वनडे इंटरनेशनल रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज और छठे भारतीय बन गए हैं। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका के खिलाफ जैसे ही रोहित शर्मा ने 22 रन पूरे किए वो वनडे क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले कुल 15वें बल्लेबाज बन गए। वह सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज भी हैं। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारत की नजरें सुपर 4 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अपना 50वां वनडे खेल रहे हैं। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करते हुए रोहित के नाम 30 शतक, 50 अर्धशतक और 2 दोहरे शतक दर्ज हैं।

फुटबॉल टीम का ऐलान: अंडर-23 टीम के साथ जाएंगे छेत्री, झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत बाहर

चीन के होंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने बुधवार (13 सितंबर) को 18 सदस्यीय मेंस टीम की घोषणा की। एशियन गेम्स में फुटबॉल की -23 टीमों के मुकाबले ही होंगे। जिसमें सभी टीमों के 3 ही सीनियर खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इससे पहले जब 1 अगस्त को 22 सदस्यीय भारतीय टीम शॉर्टलिस्ट हुई तब 3 सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। सीनियर खिलाड़ियों में संदेश झिंगन, गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री थे, लेकिन अब केवल छेत्री को जगह मिली है। टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है, ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं, जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है। एशियन गेम्स इसी साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच चीन के हांगझू में होंगे। भारत ने एशियन गेम्स (1951 और 1962) में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम 1970 में एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी है।क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने ƒƒ चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है। भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम को एशियाड के लिए भारत सरकार ने विशेष अनुमति दी है। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी।

खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था।एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम- गुरमीत सिंह, धीरज सिंह, सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, अमरजीत सिंह कियाम, सैमुअल जेम्स, राहुल केपी, अब्दुल रबीह, आयुष देव छेत्री, ब्रायस मिरांडा, अजफर नूरानी, रहीम अली, विंसी बरेटो, सुनील छेत्री, रोहित दानू, गुरकीरत सिंह और अनिकेत जाधव।

पराग्वे के गोमेज़ वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेलेंगे

लीमा। पराग्वे के मिडफील्डर डिएगो गोमेज़ चोट के कारण वेनेजुएला के खिलाफ अपनी टीम के फीफा विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हो गए हैं।रिपोर्ट के अनुसार, पैराग्वे फुटबॉल एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि 20 वर्षीय खिलाड़ी को सप्ताहांत में राष्ट्रीय टीम के साथ प्रशिक्षण के दौरान बायीं जांघ में खिंचाव आ गया।इकाई ने तुरंत इंटर मियामी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन का नाम नहीं बताया।पराग्वे और वेनेजुएला दोनों दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में होंगे जब वे उत्तरपूर्वी वेनेजुएला के शहर मटुरिन में आमने-सामने होंगे। गुआरानीज़ ने अपने अभियान की शुरुआत पेरू के खिलाफ गोलरहित घरेलू ड्रा के साथ की, जबकि वेनेजुएला को पिछले गुरुवार को कोलंबिया से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

पीरियोडिक स्पाई थ्रिलर डेविल 24 नवंबर को होगी रिलीज

नंदामुरी कल्याणराम अपने करियर की शुरुआत से ही अनूठी स्क्रिप्ट चुनने में अपनी कुशलता के लिए जाने जाते हैं और अब एक और दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का शीर्षक आश्चर्यजनक रूप से डेविल है जो नायक की क्रूरता को दर्शाता है। और यह टैगलाइन के साथ आता है- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट। फिल्म की झलक हाल ही में जारी की गई थी और इसने हम सभी को फिल्म से और अधिक उम्मीदें लगाने पर मजबूर कर दिया। दर्शक फिल्म के अपडेट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की रिलीज की तारीख की आज पुष्टि हो गई, जिससे सभी को

'वृंदावन' के लिए जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ आईं डायरेक्टर श्रुति

मुंबई। एक रोमांचक साझेदारी के रूप में जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड (जिसका नाम वर्तमान व्यावसायिक माहौल को देखते हुए व्यापारिक गतिविधियों को ज्यादा अच्छे से दिखाने और अपनी ब्रांड इक्विटी को बढ़ाने के लिए नाम बदलकर 'टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड' किया जा रहा है) ने प्रतिभाशाली और जानी मानी भारतीय लेखिका, डायरेक्टर और फिल्म प्रोडूसर सुश्री श्रुति अनिंदिता वर्मा को अपने आगामी प्रोजेक्ट ÷वृंदावन÷ के लिए चुना है। यह फिल्म लव, लॉस और सेल्फडिस्कवरी की एक शानदार यात्रा दिखाएगी जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। वृन्दावन मूवी की डायरेक्टर श्रुति अनिंदिता वर्मा ने कहा ÷मेरे लिए श्री मोहन नादर पहले एक अच्छे मित्र हैं जो वास्तव में भावनाओं को समझते हैं और यह तथ्य है कि उन्होंने इस कहानी पर बहुत काम किया है, उनका यह विश्वास सिनेमा के बारे में बहुत कुछ बताता है। जब वह किसी चीज के लिए दिल से काम करते हैं तो पूरी ताकत लगा देते हैं। मैं बहुत खुश हूं कि वह मेरे पास ऐसे व्यक्ति हैं जो आपको पूरी आजादी देते हुए भी जरूरत पड़ने पर हमेशा मौजूद रहते हैं।

बिजनेस

सोना हुआ महंगा, 72 हजार के पार चांदी

नईदिल्ली। इस सप्ताह दूसरे दिन भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 59,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं, जबकि चांदी के वायदा भाव 72,000 रुपये पार कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 243 रुपये की तेजी के साथ 72,185 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 293 रुपये की तेजी के साथ 72,235 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,250 रुपये के भाव पर दिन का उ'च और 72,154 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई महीने में चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपये किलो को पार कर सर्वो'च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 65 रुपये की तेजी के साथ 58,995 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 46 रुपये की तेजी के साथ 58,976 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 58,995 रुपये के भाव पर दिन का उ'च स्तर और 58,906 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वो'च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 1945.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1947.20 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह हल्की गिरावट के साथ 1946.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.39 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 23.38 डॉलर था।

बर्थ सर्टिफिकेट से बनेंगे ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड

1 अक्टूबर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में बर्थ सर्टिफिकेट की अहमियम बढ़ने वाली है। नए नियम के तहत बर्थ सर्टिफिकेट का इस्तेमाल स्कूलों में एडमिशन, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, वोटर आईडी, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, पासपोर्ट और आधार बनवाने सहित कई जगहों पर सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर किया जा सकेगा।जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2023 मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया था।

इसे राष्ट्रपति से भी सहमति मिल चुकी थी। एक अक्टूबर से ये लागू किया जा रहा है। मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा था कि मूल अधिनियम में इसकी स्थापना के बाद से संशोधन नहीं किया गया था।अब सामाजिक परिवर्तन और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने और इसे और अधिक नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए संशोधन की आवश्यकता थी। नया कानून के बाद किसी व्यक्ति की एज और बर्थ प्लेस प्रूव करने के लिए इसे वैलिड सर्टिफिकेट माना जाएगा। इससे देश में बर्थ डेट और प्लेस को प्रूफ करने के लिए तमाम डॉक्यूमेंट्स दिखाने से बचेंगे।

कानून में संसोधन से सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट का सारा प्रोसेस ऑनलाइन हो जाएगा। पहले इसकी हार्ड कॉपी ही मिल पाती थी। उसके लिए भी कई-कई दिनों तक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। इस बिल में बर्थ-डेथ को एक केंद्रीकृत पोर्टल पर रजिस्टर्ड करने का प्रावधान है।

ऐसे समझें- अभी तक आधार को हर जगह पहचान पत्र की तरह यूज करते हैं, और इसे अपने हर दूसरे डॉक्यूमेंट और अकाउंट से लिंक कराने की जरूरत पड़ती है। उसी तरह ये बर्थ-डेथ सर्टिफिकेट होगा, जोकि बर्थ और डेथ प्रूफ के लिए हर जगह पर सर्वमान्य पहचान पत्र की तरह काम करेगा।

सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का आईपीओ 20 को खुलेगा

नई दिल्ली। सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ('एसजीएल' या 'कंपनी') ने बुधवार, 20 सितंबर, 2023 को सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ('कंपनी' या 'जारीकर्ता') के 1रू. के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर्स ('इक्विटी शेयर') (शेयर प्रीमियम प्रति इक्विटी शेयर सहित) के आईपीओ को खोलने का प्रस्ताव दिया है। इसके कुल मिलाकर 7,300.00रू. मिलियन के ऑफर में कंपनी के 6,030.00रू. मिलियन तक के इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू और बिक्रेता शेयरधारक के रूप में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के 1,270.00 रू. मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल हैं। यह ऑफर शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 366रू. से 385रू. प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 38 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 38 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ('दिल्ली एनसीआर') में आपूर्ति की गई इकाइयों के मामले में 2020 और 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाहियों के बीच, 19% की बाजार हिस्सेदारी के साथ किफायती और निचले मध्य खंड (8 मिलियन रू. से नीचे मूल्य श्रेणी में) के आवास में सबसे बड़ी रियल एस्टेट विकास कंपनी है (स्रोतः एनारॉक रिपोर्ट)।

10 फीसदी बढ़ सकता है डीजल इंजन वाले वाहनों पर टैक्स

नईदिल्ली। भारत सरकार इन दिनों ई-वाहनों को प्रमोट करने में पूरी तरह से लगी हुई है। हाल ही में जी20 समिट में भी भारत ने ग्रीन एनर्जी को काफी प्रमोट किया। इस बीच, भारत के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि वह डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव करने की योजना बना रहे हैं। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 63वें वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा वे इसके बारे में आज वित्त मंत्री के साथ चर्चा करेंगे और यह प्रस्ताव उनके सामने रखेंगे। भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कार बाजार में डीजल वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के प्रयास में डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव करने की योजना बना रहा है। नई दिल्ली में एक सम्मेलन में गडकरी ने कहा, 'जल्द ही डीजल को अलविदा कहें, नहीं तो हम इतना टैक्स बढ़ा देंगे कि आपके लिए इन वाहनों को बेचना मुश्किल हो जाएगा।' देश में फिलहाल ज्यादातर कमर्शियल वाहन डीजल से चलते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया और होंडा सहित विभिन्न कार निर्माताओं ने पैसेंजर वाहन सेगमेंट में डीजल से चलने वाली कार का निर्माण पहले ही बंद कर दिया है।गडकरी ने कहा कि देश में डीजल कार पहले ही काफी कम हो गई हैं और निर्माताओं को इन्हें बाजार में बेचना बंद करना होगा। उन्होंने डीजल को खतरनाक ईंधन करार देते हुए कहा कि मांग को पूरा करने के लिए देश को ईंधन का आयात करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि वह डीजल से चलने वाले जेनरेटर पर भी अतिरिक्त जीएसटी का प्रस्ताव रखेंगे। वर्तमान में ऑटोमोबाइल पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, साथ ही वाहन के प्रकार के आधार पर एक प्रतिशत से 22 प्रतिशत तक अतिरिक्त उपकर लगता है। गडकरी ने उद्योग से इथेनॉल जैसे पर्यावरण-अनुकूल वैकल्पिक ईंधन और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा।मंत्री की टिप्पणियों के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा और अशोक लीलैंड 2.5 फीसदी से 4 फीसदी के बीच गिर गए। वहीं, टाटा मोटर्स के शेयरों में भी करीब 2.5 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।सरकार की तरफ से टैक्स बढ़ाने का प्लान ऐसे समय आया है जब हाल ही में वाहनों की बिक्री को लेकर सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने अगस्त का डेटा जारी करते हुए बताया था कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 3,59,228 यूनिट हो गई है।

हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने रायपुर में खोला नया स्टोर

रायपुर/नवप्रदेश। भारत में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता उपकरण ब्रांडों में से एकए हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए ब्रांड स्टोर शिहंदवेयर स्मार्ट एप्लायंस एक्सक्लूसिव गैलरी, के लॉन्च की घोषणा की। स्टोर का उद्घाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर के अध्यक्ष अमर पारवानी की उपस्थिति में किया गया। स्टोर का उद्घाटन उपभोक्ताओं के लिए एक अनुरूप खरीदारी अनुभव प्रदान करने और असाधारण ग्राहक सेवा मानकों को बनाए रखने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करता है। रायपुर के नहरपारा क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित, हाल ही में खोली गई किचन गैलरी में हिंदवेयर स्मार्ट अप्लायंसेज की पेशकशों की एक श्रृंखला है, जो समकालीन भारतीय घरों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सोच.समझकर डिजाइन की गई है। इसमें बड़े रसोई उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला हैए जिसमें रसोई चिमनीए कुक-टॉप, रसोई हॉब्स, बिल्ट.इन सिंकए डिशवॉशर और बहुत कुछ शामिल हैं।

माइनिंग का बढ़ा डेढ़ गुना लक्ष्य, इस साल 3336 करोड़ का टारगेट

■ वार्षिक राजस्व आय निर्धारित, 1,807 से बढ़कर 3,336 करोड़ रूपये पहुंचा

कोरबा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने जिला खनिज विभाग के लिए वर्ष 2023-24 में राजस्व आय तय कर दिया है। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष खनिज विभाग को 3,336 करोड़ रूपये टारगेट दिया है। यह लक्ष्य पिछले वर्ष 1,807 करोड़ रूपये था। डिपार्टमेंट ने निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए शासन को 2,662 करोड़ रूपये राजस्व प्रदान किया था। वित्तीय वर्ष 2023 -24 के लिए जिले में संचालित कोल माइंस का टारगेट बढ़ा है तो खनिज विभाग को भी लक्ष्य हासिल करने में आसानी होगी। इस वर्ष तय आय पूरा होने पर जिले को मिलने वाली खजिन न्यास के लिए वाली राशि 25 प्रतिशत की बढ़त होगी। मद में वृद्धि होने से विकासमूल कार्यों में भी इजाफा होगा।

प्रदेश के साथ देश को कोयला राजस्व से समृद्ध करने वाली कोरबा की धरती के लिए एक बार फिर से दायित्व में वृद्धि हुई है। निजी व सरकारी उद्योगों में कोयले की देश भर में बढ़ी मांग की वजह उत्पादन में बढ़त हुई है। जिले में एसइसीएल के खदान क्षेत्र के दायरों में लगातार विस्तार हो रहा है। इसके अलावा बालको चोटिया खदान ने उत्पादन के नए आयाम गढ़े हैं। जिले के अस्तित्व में आने के बाद करोना काल को छोड़ दिया जाए शेष सभी वर्षो में खनिज ने उम्मीद से बढ़कर राजस्व हासिल की है। आपदा की घड़ी के बाद यह सिलसिला फिर से जारी है। इस कड़ी में बीते वर्ष मिले 1,807 रूपये की तुलना 855 करोड़ अधिक आय मिला। राजस्व आय लक्ष्य में होने वाली बढ़त का सीधा असर खनिज न्यास मद पर होगी। वर्ष 2023-24 के राजस्व आय लक्ष्य पूरा होने पर प्रदेश के हिस्से 880 करोड़ रूपये की उपलब्धि होगी। जिसमें अकेले कोरबा जिले में हिस्से में 340 करोड़ रूपये है। राजस्व आय खदान प्रभावित क्षेत्र रहवासियों के लिए की जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं को नया आयाम मिलेगा। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा। माना यह भी जा रहा कि आगामी नवंबर से जनवरी माह तक चुनावी दौर जारी रहेगा। ऐसे में विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्र में की जाने वाली घोषणाओं को पूरा करने में के लिए राजस्व आय की बढ़त की है।

दो वर्षों में कोयला उत्पादन के लक्ष्य (मिलियन टन में)

खदान-	वर्ष 2022-23 में	वर्ष 2023-24 में
गेवरा-	52	70
कुसमुंडा-	45	50
दीपका-	38	40
कोरबा-	08	40

कोयला व अन्य गौण खजिन उत्पादन के उत्पादन के क्षेत्र में शासन से वर्ष 2023-24 के लिए 3,336 करोड़ रूपये का आय संग्रहित करने का लक्ष्य मिला है। आलकन के अनुसार जुलाई माह तक 704 करोड़ आय प्राप्त कर लिया गया है।

प्रमोद कुमार, जिला खनिज अधिकारी

आधुनिक संसाधनों से उत्पादन में वृद्धि आसान

जिले में कोयला उत्खनन क्षेत्रों के विस्तार साथ नए खदानो के लिए स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। खनन के लिए आधुनिक मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है। जिसका सीधा उत्तरोत्तर उत्पादन में देखा जा रहा रहा। इससे खदान के भीतर होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आ रही है। खनन के अलावा परिवहन क्षमता में विकास के लिए रेलकारिडोर में विस्तार का असर हो रहा है। भू-विस्थापन के बाद मुआवजा व बसाहट के लिए लोग जागरूक हो रहे हैं।

जुलाई माह तक मिल चुके हैं 704 करोड़

खनिज विभाग के राजस्व आय को तय होने में प्रतिवर्ष चार से पांच माह का समय लग जाता हैं। बिना लक्ष्य निर्धारण के विभाग ने अप्रैल से जुलाई माह के भी 704 करोड़ आय लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। वर्षा काल के कारण तीन माह तक उत्पादन प्रभावित रहता है। वास्तवित उत्खनन अक्टूबर से होती है। लक्ष्य तय होने के बाद उत्पादन की रणनीति तय की जाती है। ऐसे माना जा रहा कि समयावधि तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

आईटीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

■ 3 मानद उपाधि, 13 गोल्ड मेडल सहित 377 को मिली उपाधियां

■ नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आई.टी.एम. विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आई.टी.एम. विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी मुकेश कुमार, आई.टी.एम के प्रोफेसर आर.एस.एस मनी और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ जी. शारदा सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव है, बल्कि प्रत्येक के अंदर मौजूद अपार संभावनाओं का भी परिचायक है। शिक्षा सदैव सामाजिक प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति रही है। इसमे बाधाओं को तोड़ने, मानदंडों को चुनौती देने और अवसर पैदा करने की शक्ति है। विश्वविद्यालय की शिक्षा यात्रा आपके भविष्य को आकार देगा, आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए होगा।

हरिचंदन ने कहा कि हम एक तेज और गतिशील दुनिया में रह रहे हैं, जहां तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण, उद्योगों और व्यवसायों को नया आकार दे रहा है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढ़ने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों के उत्थान के लिए भी करें। जिम्मेदार नागरिक बनें और हमारे महान राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दें।

राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश के गर्व को न भूलें। हमारा देश आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बहादुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है ,उनके सम्मान में श्री मोदी जी की पहल पर मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। हाल ही में भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई।

समारोह में दीक्षांत भाषण भाभा परमाणु रिसर्च इंस्टीट्यूट अंतर्गत स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन न्यूक्लियर एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन (मानद) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. आर. चिदम्बरम ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन आई.टी.एम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ. पी. वी. रमन्ना ने किया। कुलपति डॉ. सुमेन सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन डॉ उमेश कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय की डायरेक्टर जनरल लक्ष्मी मूर्ति, विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, फैकल्टी मेंबर, विद्यार्थी एवं उनके पालकगण उपस्थित थे।

पीएम मोदी ने की एमजीआर प्रणाली देश को समर्पित

■ प्रधानमंत्री ने कहा एनटीपीसी लारा से कम लागत और विश्वसनीय बिजली उत्पादन में अहम भूमिका

सीपत/नवप्रदेश। 65 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत एमजीआर प्रणाली एनटीपीसी लारा से कम लागत और विश्वसनीय बिजली उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

2071 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एमजीआर प्रणाली का उपयोग एनटीपीसी की तलईपल्ली कोयला खदान से छत्तीसगढ़ में 1600 (2×800) मेगावाट एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन तक कम लागत और उच्च ग्रेड कोयले की डिलीवरी के लिए किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित परियोजना हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलवे लाइन से भी जुड़ी होगी, जिसका उपयोग देश के अन्य हिस्सों में कोयले के परिवहन के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, मौजूदा परिवहन प्रणाली जो दैनिक आधार पर 20,000 टन कोयला पहुंचा रही है, अपनी पूरी क्षमता पर 8 एमएमटीपीए कोयला परिवहन तक पहुंच जाएगी। एमजीआर प्रणाली कोयला खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयला परिवहन में आधुनिक तकनीकों का प्रमाण होगी। कोटारलिया में मौजूदा रेलवे लाइन पर 61 मीटर के गर्डर ब्रिज के साथ, नवीनतम एमजीआर प्रणाली में ट्रैक के साथ कई स्थानों पर जानवरों को पार करने का भी प्रावधान होगा। एमजीआर प्रणाली अपने पूरे विस्तार में 200 से अधिक पुलों और पुलियों का भी दावा करती है। इस अवसर पर टी एस सिंह देव, माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार, की उपस्थिति रही। रेणुका सिंह सरुता, केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री, गोमती साई, संसद सदस्य (लोकसभा), रायगढ़, नारायण चंदेल, विपक्ष के नेता, छत्तीसगढ़ विधानसभा के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति।

शानदार प्रस्तुतियों के साथ श्रुति मंडल की शुरुआत

■ खैरागढ़ विश्वविद्यालय में गीत-ग़ज़लों की दिलचस्प गूंज

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में नए शैक्षणिक सत्र के पहले श्रुति मंडल कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कला विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर की मुख्य उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार उत्साह के साथ शामिल हुआ। कुलपति डॉ. चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में शैक्षणिक सत्र के पहले श्रुति मंडल के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने गायन, वादन प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों की प्रशंसा की। संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. नमन दत्त के संगीत संयोजन और निर्देशन में हुई इन प्रस्तुतियों में नमन सोनी, प्रथा रामटेके, नम्रता गुप्ता, सुगम शिवाले, श्वेता शिवाले ने गायन पर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही, गिटार पर रोमी, हारमोनियम पर लक्ष्मीकांत साहू, की-बोर्ड पर किशन गबेल और तबले पर राम भावसार और राम जोंधले की उंगलियों ने दर्शक दीर्घा को मुग्ध होकर स्वस्फूर्त तालियों के लिए विवश कर दिया। कुलपति डॉ. चंद्राकर ने कठिन रागों पर इन विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दत्त को उन्होंने सुझाव दिया कि क्लिष्टता से परे कुछ सहज और सरल रागों पर भी विद्यार्थियों का अभ्यास हो। श्रुति मंडल समिति के सदस्यों डॉ. दीपशिखा पटेल, डॉ. हरि हरि और डॉ. दिवाकर कश्यप के संयोजन में संपन्न इस कार्यक्रम में लोक संगीत विभाग के अध्यापक और शोध सहायक डॉ. बिहारी लाल तारम द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में नारी जीवन का विमोचन भी कुलपति डॉ. ममता चंद्राकर के हाथों किया गया। उन्होंने किताब और इसके लेखक के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। लेखक डॉ. तारम ने अपनी किताब की यात्रा पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए, सहयोगियों और मार्गदर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया।

अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर 5 से 2 वर्ष का कारावास

■ कलेक्टर ने अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने संयुक्त जांच कार्रवाई के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में जिले के पट्टेदारों, वाहन मालिकों के साथ पुलिस, राजस्व एवं परिवहन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिले में विगत वर्षो में अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण में संलिप्त एवं आदतन व्यक्तियों को चिन्हांकित करने की कार्यवाही की जा रही है। अवैध उत्खनन, परिवहन करते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21 (1), धारा- 21 (2) निर्धारित अधिकतम दण्ड जिसमें 05 से 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड पांच लाख रूपए एवं प्रत्येक दिन के लिए अर्थदण्ड पचास हजार रूपए प्रावधानित से दंडित किया जा सकता है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू, खनिज अधिकारी सहित जिले के पट्टेदारों, वाहन मालिक उपस्थित थे।

कारावास और अर्थदंड का प्रावधान

कलेक्टर महोबे ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 में विहित प्रावधानांतर्गत अधिनियम की विभिन्न धारा-4 (1), धारा- 4 (1क), धारा- 21 (1), धारा- 21 (2), धारा-21 (3), धारा- 21 (4), धारा- 21 (4क),धारा- 21 (5), धारा-22, धारा- 23 (क) में किए गए प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन करते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा- 21 (1), धारा- 21 (2) निर्धारित अधिकतम दण्ड जिसमें 05 से 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड पांच लाख रूपए एवं प्रत्येक दिन के लिये अर्थदण्ड पचास हजार रूपए प्रावधानित से दंडित किया जा सकता है।

संलिप्त व्यक्तियों को किया जा रहा चिन्हांकित

कलेक्टर ने बताया कि विगत वर्षों में अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण में संलिप्त एवं आदतन व्यक्तियों को चिन्हांकित करने की कार्यवाही की जा रही है। आदतन व्यक्ति के द्वारा पुनः अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण किए जाने पर प्रकरण अनिवार्य रूप से धारा-22 अनुसार माननीय सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने समस्त पट्टेदार एवं परिवहन संघ कों निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के सभी मापदण्डों का पालन करते खनिज उत्खनन एवं परिवहन करें। बिना वैध पारपत्र के खनिजों का परिवहन किसी भी स्थिति में न करें।

विशेष निगरानी के निर्देश

कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम के लिए संयुक्त जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। खनिज विभाग के अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

कलेक्टर आपदा से मृत 8 लोगों के परिजनों को 32 लाख स्वीकृत

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने प्राकृतिक आपदा से मृत 8 लोगों के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये स्वीकृत किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भखारा तहसील के ग्राम सेमरा के 6 साल के बालक चुरावन यादव की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके पिता सागर यादव को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम कुर्रा के धैर्य राव की विद्युत पोल के तार टूटने से सम्पर्क में आने पर मृत्यु होने की वजह से उनके पिता हेमंत राव, कुरूद तहसील के ग्राम चिंवरी की उर्मिला बाई साहू की कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र सुरेन्द्र कुमार साहू को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह मगरलोड तहसील के ग्राम बिरझुली निवासी बल्लू राम कमार की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पु.त्री संतोषी, ग्राम भेण्ड्री के बलराम यादव की तूफान में बिजली खम्भा गिरने से मृत्यु होने पर उनके पिता भूषण लाल यादव, ग्राम बोदलाबाहरा के सुरेश कमार की लू लगने से मृत्यु होने पर उनके पिता बिनऊराम कमार को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। बेलरगांव तहसील के ग्राम मोतिमडीह निवासी नेगीलाल मरकाम की कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी विशाखा बाई को और धमतरी तहसील के ग्राम दोनर निवासी वेदराम साहू की गाज गिरने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी बिसाहिन बाई साहू को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

पुनरावृत्ति करने पर 2 से 5 वर्ष तक कारावास

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिले के सहायक खनि अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, और भण्डारण की पुनरावृत्ति करने वाले लोगो के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही करने के साथ ही दो से पांच वर्ष तक कारावास के दंड की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

अपूर्ण कार्यों को पूरा करने में देरी, विधायक वोरा ने जताई नाराजगी

■ दी चेतावनी, जल्दी कराए जाएं कार्य पूर्ण

■ 21 से 23 सितंबर के बीच सीएम करेंगे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभागृह में विधायक अरुण वोरा ने कलेक्टर पुस्पेंद्र मीना , महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर के उपस्थिति में निगम अधिकारियों की बैठक ली । विधायक वोरा में शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं विकास कार्यों में लापरवाही न करने की बात कही । बता दे की दुर्ग शहर में अभी बहुत से विकास कार्य चलाएं जा रहे है कुछ कार्य पूर्ण हो चुके है वही कुछ कार्य प्रगति पर है, अपूर्ण कार्यों को पूरे करने में हो रही देरी पर विधायक वोरा ने नाराजगी भी जताई ।

विधायक वोरा ने कहा कि राज्य सरकार की मदद से शहर में 100 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य किए जा चुके हैं। विधायक निधि शहर में नाली, सड़क, लाइट एवं अन्य विकास कार्यों हेतु निगम को दिए है। लेकिन वह कार्य बहुत धीमी गति से पूर्ण हो रहे है। कलेक्ट्रेट सभागृह में बैठे अधिकारियों से विधायक वोरा ने प्रश्न पूछा कि ठगडा बांध का कार्य कब तक पूर्ण होगा , क्योंकि ठगड़ा बांध का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री जी के हाथो करना है , जिसपर अधिकारियों ने बताया की ठगड़ा बांध का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है बच्चो के लिए झूले व फॉन्टेन लगाने का कार्य बचा हुआ है जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक अरुण वोरा ने जेआरडी स्कूल के निर्माणाधीन कार्य, शिवनाथ नदी मुक्तिधाम जाने वाले रोड को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वही पुलगांव ब्रिज में हो रही लगातार दुर्घटनाओं पर चिंता जताई एवं गणेश विसर्जन के समय शिवनाथ नदी पर एसडीआरएफ की टीम तैनात हो जिससे गणेश विसर्जन के समय कोई भी जान हानि ना हो । विधायक वोरा ने स्पष्ट कहा है कि जो भी ठेकेदार वर्क ऑर्डर होने के बाद भी काम शुरू करने में लेट लतीफी कर रहा है उन्हें 1 हफ्ते का नोटिस दिया जाए , नोटिस देने के बाद भी अगर कार्य चालू नहीं हुआ तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाए क्योंकि शहर में विकास कार्यों को लेकर कोई ढिलाई बर्दास्त नही की जाएगी ।